
वर्ष-10, अंक-148
इन्दौर, शुक्रवार
30 अगस्त 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

अपमानित होकर जीवन की रक्षा करने से अच्छा है मर जाना। जीवन की हानि केवल एक पल का दर्द देती है, लेकिन किसी के जीवन के हर दिन अपमान होता है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## पाकिस्तान में कुपोषण की स्थिति भयावह, 41 फीसदी महिलाएं एनीमिया से पीड़ित

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की एनीमिया पीड़ित महिलाओं में से 14.4% का वजन कम है और 24% का अधिक । मातृ पोषण इतना अपर्याप्त है कि 1 लाख जीवित प्रसव में से 186 महिलाएं मर जाती हैं।

यानी जो देश आने वाली पीढ़ी के लिए महिलाओं की रक्षा नहीं कर पा रहा वह पड़ोसी देशों से कई साल तक जंग का ख्याल पाले बैठा है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि देश में घटिया स्तनपान के कारण हर साल स्तन और डिम्बग्रंथि के कैंसर से 2,000 और टाइप टू मधुमेह से 1,100 मातृ मृत्यु होती हैं। पाकिस्तान में हर साल कम वजन के जन्म के 14 लाख केस भी सामने आते हैं।



### अरबों डॉलर का आर्थिक बोझ

पाकिस्तान में अपर्याप्त स्तनपान के कारण 28 अरब डॉलर का आर्थिक बोझ पड़ता है। यह डायरिया के 69 लाख मामलों, बचपन में मोटापे के 19,000 मामलों, डायरिया और निमोनिया से 30,525 बच्चों की मौत और स्तन व डिम्बग्रंथि के कैंसर तथा टाइप टू मधुमेह से 3,196 माताओं की मृत्यु के कारण होता है।

### कुपोषण की स्थिति बेहद गंभीर

इससे पहले, पाकिस्तान नेशनल क्लस्टर की रिपोर्टों ने गंभीर कुपोषण संकट को उजागर किया है, जो लाखों पाकिस्तानियों, विशेष रूप से बच्चों की पोषण स्थिति की भयावह तस्वीर पेश करता है। रिपोर्ट इस बात को रेखांकित करती है कि पाकिस्तान अपने इतिहास में कुपोषण की सबसे अधिक दरों का सामना कर रहा है, जो आर्थिक कठिनाई, खाद्य असुरक्षा, सीमित स्वास्थ्य देखभाल और जलवायु और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में स्थिति काफी गंभीर है।

### एनीमिया मामलों में चौथा स्थान

रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में हर साल गर्भवती माताओं में एनीमिया के 9,18,154 मामले आते हैं। आठ दक्षिण एशियाई देशों में महिलाओं में एनीमिया के मामले में यह देश चौथे स्थान पर है और 201 देशों में वैश्विक स्तर पर 35वें स्थान पर। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान को कुपोषण के कारण सालाना 17 अरब डॉलर का नुकसान होता है।

## पूजा खेडकर को 5 सितंबर तक गिरफ्तारी से राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बर्खास्त ट्रेनी IAS पूजा खेडकर की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टाल दी है। पूजा के जवाब पर विचार करने और नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस ने और समय मांगा है।



इसके बाद जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने पुलिस को निर्देश दिया कि आगे की कार्यवाही लंबित रहने तक खेडकर को गिरफ्तार न किया जाए। UPSC ने 31 जुलाई को पूजा का सिलेक्शन रद्द किया था। आयोग ने कहा कि था कि पूजा अब भविष्य में UPSC का कोई एग्जाम नहीं दे पाएंगी। पूजा ने आयोग के इस फैसले को चुनौती दी है। 28 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में जवाब दाखिल करते हुए कहा कि क्स्ष्ट के पास उनके खिलाफ कार्रवाई करने का कोई अधिकार नहीं है। अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1954 और प्रशिक्षु नियमों के तहत कार्रवाई केवल DoPT (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) ही कर सकता है, जो ष्टस्ष् 2022 नियमों के नियम 19 के अनुसार है। साल 2012 से 2022 तक उनके नाम या फिर सरनेम में कोई बदलाव नहीं हुआ है और न ही UPSC को उन्होंने

## मध्यप्रदेश सरकार निवेशकों को उपलब्ध करायेगी सभी बुनियादी सुविधाएं : यादव

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी सुविधाएं और आधारभूत अधोसंरचना उपलब्ध करायेगी और निवेशकों के सुझाव पर नीति में भी परिवर्तन किया जा सकेगा।



डॉ यादव कल देर शाम यहां रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में उद्योगपतियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। निवेश के माध्यम से हर युवा को रोजगार मिले इस उददेश्य से संभाग स्तर पर जाकर कॉन्क्लेव आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से चर्चा में कहा कि मध्य प्रदेश में यदि विदेशी निवेश आ रहा है तो सौभाग्य की बात है। सभी प्रकार से सरकार का सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री से एसेंचर आईटी के एमडी मनोज चतुर्वेदी ने मुलाकात की और उनसे मध्य प्रदेश में निवेश के संबंध में चर्चा की। मार्बल विनाइल के पंकज चावला ने ऑटोमेटिक इंटीरियर के संबंध में चर्चा की। एलिक्सर इंडस्ट्री ने फर्नीचर और रसायन के क्षेत्र में इन्वेस्ट करने की इच्छा जाहिर की। मुख्यमंत्री ने कोऑपरेटिव सेक्टर को भी बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा कि प्रदेश के साथ संभागों में कोऑपरेटिव सेक्टर को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होने निवेशकों से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होने पशुधन को बढ़ाने, उनके चारे की विशेष व्यवस्था करने के लिए धनराशि जुटाने की चर्चा की जिससे कि दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी हो।

रिलायंस इंडस्ट्री ने बंजर पड़ी जमीन पर चारा उगाने रिसर्च डिपार्टमेंट स्थापित करने की कार्य योजना रखी। ग्वालियर के 800 एकड़ क्षेत्र में घास लगाकर इससे गैस बनाने की प्रक्रिया के लिए बायोकैमिकल इंडस्ट्री के साथ पहले रिसर्च डिपार्टमेंट स्थापित करने की बात। प्लेग्रो इंडस्ट्रीज के अंकुर गुप्ता ने खिलौने और फर्नीचर के लिए पॉलिसी बनाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया, इंदौर व उज्जैन क्षेत्र में खिलौना उद्योग लगाने की इच्छा जताई। जमुना इंडस्ट्री ऑटोमोबाइल क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक श्री कोहली ने

## ब्रजभूषण को राहत नही

**यौन शोषण केस में FIR, चार्जशीट और निचली कोर्ट का आदेश रद्द करने की मांग की थी**

**गोंडा (एजेंसी)।** बृजभूषण सिंह को दिल्ली हाई कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने बृजभूषण के वकील से मामले में एक शार्ट नोट कोर्ट में जमा करने को कहा है।



दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण की याचिका की मेंटेनेबिलिटी पर सवाल उठाया गया। 26 सितंबर को मामले में अगली सुनवाई होगी। हाई कोर्ट ने कहा कि आप मामले में चार्ज फ्रेम होने के बाद कोर्ट क्यों आए। बृजभूषण के वकील ने कहा कि मामले में 6 शिकायतकर्ता है, FIR दर्ज कराने के पीछे एक हिडन एजेंडा है। बृजभूषण के वकील ने कहा- सभी घटनाएं अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग समय पर हुई हैं। ट्रायल के दौरान अब तक अभियोजन पक्ष के दो गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं। अब यौन उत्पीड़न की शिकार पीड़िताओं के भी बयान दर्ज करने को लेकर नोटिस जारी की गई है। 10 सितंबर को पूरे मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में अगली सुनवाई होगी। सुनवाई में महिला पहलवानों के 10 सितंबर, 12 सितंबर और 13 सितंबर को एक अलग कमरे में राऊज एवेन्यू कोर्ट की एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत द्वारा बयान रिकॉर्ड किया

**दुश्मनों का काल और बेहद घातक, भारत की के-15**

## मिसाइल; अब दुनिया देखेगी हथियार का दम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समंदर का सिकंदर बनने को आइएनएस अरिहंत का यार आईएनएस अरिघात सबमरीन तैयार है. इससे समंदर में भारतीय नौसेना की की ताकत और भी बढ़ेगी. यह सबमरीन च-15 मिसाइल से लैस है, जो कि बहुत ही घातक बैलेस्टिक मिसाइल है. यह मिसाइल दुश्मनों के लिए काल है. इसे रक्षा अनुसंधान एजेंसी, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की मदद से बनाया गया है.



K-15 मिसाइल, जिसे सागरिका मिसाइल भी कहा जाता है. इसे भारत द्वारा विकसित किया गया था. यह एक पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (SLBM) है. इसे भारत की प्रमुख रक्षा अनुसंधान एजेंसी, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के अलावा अन्य भारतीय संगठनों और उद्योगों के सहयोग से डिजाइन और विकसित किया गया है. मालूम हो कि च-15 मिसाइल का विकास भारत के स्वदेशी मिसाइल विकास कार्यक्रम के तहत किया गया है. इसके विकास का कार्यक्रम 1990 के दशक में शुरू हुआ था. 2007 में पहली बार इसकी सफल फायरिंग टेस्टिंग हुई थी. यह भारतीय नौसेना की परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों को ताकत देता है.

### आतंकियों ने आर्मी ऑफिसर को किडनैप किया

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान में इस वक्त आतंकियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने अब सीधे सेना के अफसरों को ही अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है. अब खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान से एक और सैनिक अफसर फहाद आमिर को भी किडनैप कर लिया गया है. खबरों के मुताबिक इसके पहले आतंकियों ने सेना में काम करने वाले 3 भाइयों का एक साथ अपहरण कर लिया था. मीडिया की खबरों के मुताबिक एक सेवारत सैन्य अधिकारी और उसके दो भाइयों का उनके पैतृक स्थान डेरा इस्माइल खान से अपहरण कर लिया गया था.

## जापान में तूफान 'शानशान' ने मचाया कोहराम

### घरों की उड़ीं छतें, टूटी खिड़कियां

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू पर तूफान 'शानशान' ने दस्तक दे दी है। इसके कारण भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। वहीं, घरों की छतें उड़ गईं, खिड़कियां टूट गईं और जगह-जगह पेड़ गिरे हुए नजर आए। वहीं, अधिकारियों ने हजारों लोगों को जगह खाली करने की सलाह दी। मौसम विभाग ने बताया कि शक्तिशाली तूफान सुबह करीब आठ बजे टकराया। यह 252 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। वहीं, कागोशिमा प्रान्त के अधिकांश हिस्सों में विशेष तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इसके कारण सार्वजनिक परिवहन संचालकों ने रेलगाड़ियां और उड़ानें रद्द कर दी गई है। तूफान उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है। स्थानीय सरकारी अधिकारियों ने बताया कि मध्य आइची प्रांत के गामागोरी शहर में भूस्खलन से एक घर के ढह जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में 70 साल का एक दंपती और 30 साल का एक बेटा शामिल है। वहीं, 40 साल की दो वयस्क बेटियां बच गईं। दक्षिणी क्यूशू के लिए मौसम विभाग ने शुक्रवार सुबह तक 48 घंटों में 1,100 मिलीमीटर (43 इंच) वर्षा की भविष्यवाणी की। क्यूशू के बिजली विभाग ने बताया कि 2,54,610 घरों में बिजली गुल है। जापान मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि कागोशिमा में खतरनाक तूफान और ऊंची लहरों की विशेष चेतावनी जारी की जा रही है। तूफान, तेज हवा और ऊंची लहरों के साथ-साथ भूस्खलन, निचले इलाकों में बाढ़ और दक्षिणी क्यूशू में उफनती नदियों को देखते हुए अधिक सतर्कता बरतें।



# गुजरात में 939 सड़कें बंद, बाढ़ में फंसी क्रिकेटर राधा यादव का रेस्क्यू

## 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग (IMD) ने गुरुवार (29 अगस्त) को गुजरात, उत्तराखंड समेत 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात में पिछले 4 दिन से मूसलाधार बारिश हो रही है। गुजरात में बारिश से जुड़े हादसों में अब तक 28 लोगों की मौत हुई है।

18 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। क्करू नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ष्टरू भूपेंद्र पटेल को फोन करके हालात का जायजा लिया। भारतीय महिला टीम की स्पिनर राधा यादव और उनका परिवार वडोदरा में बाढ़ में फंस गया था। उन्हें बुधवार को नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (NDRF) ने रेस्क्यू किया। राज्य में 7 नेशनल हाइवे, 66 स्टेट हाइवे, 92 अन्य सड़कें और 774 पंचायत सड़कें मिलाकर कुल 939 सड़कें बंद हैं। 238 तहसीलें भारी बारिश के चलते आई बाढ़ की चपेट में हैं। दिल्ली में भी बुधवार रात से भारी बारिश हो रही है। इससे दिल्ली, हृष्टक्र और नोएडा के कई इलाकों में पानी भर गया है। सबसे बुरी हालत अंडर पास की है। पानी भरने से सड़कों पर जाम लगा है।



### मध्यप्रदेश : बंगाल में बन रहा नया सिस्टम, 3 दिन बाद तेज बारिश की संभावना

मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश होने का अलर्ट नहीं है, लेकिन सितंबर की शुरुआत तेज बारिश के साथ होगी। राज्य में अब तक 33.6 इंच बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक 29 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका असर 2 दिन बाद देखने मिलेगा। 3 से 4 सितंबर तक प्रदेश में तेज बारिश होने का अनुमान है।

### गुजरात में सेना तैनात; मध्य प्रदेश में बारिश का दौर थमा

बुधवार (28 अगस्त) को द्वारका, जामनगर, राजकोट और पोरबंदर जिलों में 12 घंटे में 50 मिमी से 200 द्धद्व के बीच बारिश दर्ज की गई। द्वारका के भानवड में 185 mm बारिश हुई, यह राज्य में सबसे ज्यादा है। मौसम विभाग ने गुरुवार को सौराष्ट्र के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य में NDRF, SDRF के अलावा सेना की 6 टुकड़ियां राहत और बचाव में जुटी हैं। अब तक 18 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। इधर, मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर थम गया है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर समेत प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बुधवार को धूप खिली रही। 30 और 31 अगस्त से एक बार फिर स्ट्रॉन्ग सिस्टम बन रहा है। जिससे जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 28 जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।

### 30 अगस्त को 2 राज्यों में और 4 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने 30 अगस्त को ओडिशा और तेलंगाना में भारी से अति भारी (20 सेमी से ज्यादा) बारिश का अलर्ट जारी किया है। छत्तीसगढ़, केरल, तटीय आंध्र प्रदेश, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश (12 सेमी से ज्यादा) की चेतावनी है। पूर्वी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ, अंडमान-निकोबार द्वीप, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कोंकण-गोवा, मध्य महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और गुजरात में 7 सेमी बारिश हो सकती है।

### नेपाल में बारिश से बिहार में नदियां उफान पर

नेपाल और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश की वजह से बिहार में नदियां उफान पर हैं। भागलपुर, मुंगेर और वैशाली में गंगा का जलस्तर बढ़ा है। इन जिलों के निचले इलाके में पानी घुस गया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण पटना में 31 अगस्त तक 76 सरकारी स्कूलों को बंद रखने का ऐलान किया गया है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर सिंह ने कहा- गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण निचले इलाकों के 8 ब्लॉक में पानी भर गया है। इसलिए इन्हीं 8 ब्लॉक के स्कूलों को बंद रखा गया है।

### राधा यादव वडोदरा में फंस गई थीं, रेस्क्यू के लिए NDRF को थैंक्यू कहा

राधा यादव (24) ने इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुभव साझा करते हुए लिखा- हम बहुत बुरी स्थिति में फंस गए हैं। हमें बचाने के लिए NDRF को बहुत-बहुत धन्यवाद। वीडियो में NDRF के जवान सड़कों पर नावों से लोगों को बचाते नजर आ रहे हैं।

## संपादकीय

# भाजपा की सारथी बनी राष्ट्रपति मुर्मू ?



भारत की राजनीति में पहली बार राजनीतिक दलों की लड़ाई में राष्ट्रपति की भूमिका से सभी हैरान हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में घटना के 20 दिन बाद एक बयान जारी किया है। इस बयान में राष्ट्रपति ने कहा है, कोलकाता की घटना से वह बहुत निराश और डरी हुई हैं। अब बहुत हो चुका है, समाज को ऐसी घटनाओं को भूलने की खराब आदत को बदलना होगा। जिस घटना का राष्ट्रपति महोदया ने जिक्र किया है, उस तरह की घटनाएं भारत के विभिन्न राज्यों में हर दिन घट रही हैं। 1 साल से अधिक समय हो गया है, मणिपुर में कोलकाता से भी ज्यादा बड़ी वीभत्स घटनाएं हुई थीं। घटनाएं अभी भी हो रही हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के बदलापुर में भी छोटी-छोटी बच्चियों का यौन उत्पीड़न हुआ। जब पुलिस ने घटना की रिपोर्ट नहीं लिखी और कार्यवाही नहीं की। ऐसी स्थिति में लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ा। ऐसे कई मौके आए, पर राष्ट्रपति का कोई बयान कभी नहीं आया। कोलकाता की इस घटना के बाद बंगाल भाजपा ने कोलकाता में तब सड़क पर मोर्चा खोला, जब सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ज़ब इस मामले की निगरानी कर रहे हैं। बंगाल के राज्यपाल सतत हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस घटना के बाद जो राजनीति पश्चिम बंगाल में हो रही है। वह भाजपा की पश्चिम बंगाल में अंतिम लड़ाई जैसी दिख रही है। कभी डॉक्टरों के पीछे छिपकर, कभी जनता के पीछे छिपकर, भारतीय जनता पार्टी अपनी हार का बदला लेने का हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले 10 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल में दो लोकसभा और दो विधानसभा के चुनाव मे पराजय का सामना करना पड़ा है। एक अकेली महिला ममता बनर्जी जिस तरह से भाजपा से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं, वह देश में दिल्ली के अलावा अन्य राज्य में देखने को नहीं मिला। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं दिया। अभी भी वह केंद्र सरकार और भाजपा के लिए चुनौती बने हुए हैं। दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकारें, भाजपा के लिए कड़ी चुनौती हैं। कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई घटना से भाजपा को ऐसा लगा कि ममता बनर्जी के खिलाफ पर्याप्त दबाव बनाकर इस्तीफा लिया जा सकता है। वह इस्तीफा नहीं देंगी, तो इस बहाने पश्चिम बंगाल की सरकार को केंद्र बर्खास्त कर इस लड़ाई को जीत लेगी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जिनके ऊपर खुद एक महिला ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। वह भी दिल्ली जाकर गृहमंत्री और राष्ट्रपति से मिल चुके हैं। राज्यपाल ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल की सड़कों पर आंदोलन को जन नाराजी का प्रतीक बताकर बांग्लादेश का उल्लेख करते हुए कुर्सी छोड़ने की मांग कर दी। ममता बनर्जी पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उल्टे वह आक्रामक तरीके से केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ सड़क पर उतरकर हत्यारे के लिए फांसी की मांग कर रही हैं। सीबीआई की जांच करने के बाद तथा एक हफ्ते से ज्यादा समय होने के बाद ममता बनर्जी के सर से जैसे बिच्छू उतर गया है। वही बिच्छू अब भाजपा के ऊपर है। ममता बनर्जी अब सीबीआई और केंद्र सरकार से जवाब मांग रही हैं।

## चिंतन-मनन

# दूर करें अध्यात्म विद्या का अभाव



अध्यात्म विद्या के विषय में अधिकांश भौतिक विद्वान शिक्षा को ही विद्या मान बैठते हैं। वे विद्या और शिक्षा के अंतर को भी समझने में असमर्थ हैं जबकि विद्या और शिक्षा में धरती और आसमान का अंतर है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए महात्मा परमचेतनानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ है सीखना। भौतिक शिक्षा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है जिसका संबंध ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेंद्रियों व मन बुद्धि तक सीमित है। इसके अतिरिक्त विद्या शब्द विद् धातु से बना है जिसका अर्थ है जानना अर्थात् वास्तविक ज्ञान। यह ज्ञान स्वयं अंदर से प्रकट होता है, इसे ही अध्यात्म ज्ञान कहा जाता है। इसे आत्मा की गहराई में पहुंचने पर ही जाना जाता है। शिक्षा के विद्वान अहंकार से ग्रसित होते हैं, उनमें विनम्रता का अभाव होता है जबकि विद्या का प्रथम गुण विनम्रता है। विद्या वास्तव में मानव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है।

इस अध्यात्म विद्या से मानव निष्काम कर्म योगी बनता है जो सभी को समान भाव से देखता है। पहले निष्काम कर्म योगी को ही प्रजा अपना राजा चुनती थी। वे अपने पुत्र तथा अन्य प्रजा के साथ समान रूप से न्याय करते थे। आज के असमय में अध्यात्म विद्या का अभाव होने के कारण राजा और प्रजा दोनों ही अशांत हैं फिर भी इसे ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि अध्यात्म विद्या के वेत्ता तत्वदर्शी संत आज भी मौजूद हैं।

# गुड़

## व्यंग्य वक्रासन



जहां गुड़ होता है वहां मक्खियां आ ही जाती हैं. मैंने तो आम सड़कों पर गुड़ बेचते ठेले वालों के यहां मक्खी ,मधुमक्खी और ततैयों तक को गुड़ की भेली से चिपके ,उस पर मंडराते देखा है. इस दृश्य को देखकर राजधानी में नेताओं को घेरे हुए छुटभइयों का चित्र उभर आता है .कुछ भी हो गुड़ की मिठास सबको खींच ही लेती है.

यह तो सब जानते हैं कि गुड़ गन्ने के गाढ़े रस को आंच में पकाकर बनाया जाता है लेकिन कोई अपना मिलने वाला जब कुल्हैया में गुड़ फोड़ जाता है तो लोग उसी गन्ने के रस से कुछ और क़ीमती ,कुछ और जनोपयोगी चीज बनाने में जुट जाते हैं.जिसका कोई सानी नहीं है और जिसे देवताओं ने भी अपना प्रिय पेय माना है.क्या राजा और क्या प्रजा ,लॉकडाउन में इसी गुड़ का सहारा था. हम सब तो वैष्णव हैं.एक तरह से इन्द्र के अनुचर.

इसी उद्यम में तल्लीन उद्यमी पुरुष के अपने ही घर का भेदी जब आबकारी विभाग के सजग व कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों के पास , नये केस बनाने के टारगेट वाले दिनों में मिलकर गुड गोबर करने पर उतारू हो जाता है तब गुड़ गोबर होने में देर नहीं लगती .अच्छा भला माल भी वाकई गुड गोबर हो जाता है .लाख मिन्नतें करो .जी हजूरी करो उनका दिल नहीं पसीजता .कारण वे भी चाहते हैं कि साल भर जो हो सो हो लेकिन टारगेट के दिनों में टारगेट पूरा करने वालों की सूची में उनका नाम भी ऊपर तक जाये.

ऐसी विशेष और विषम परिस्थितियों में उनका मन दस बार बदलता है किंतु वे टारगेट के हाथों मजबूर होते हैं .तब जो भी करो सब कुछ गुड़ दिखाकर ढेला मारने जैसा है .ये अधिकारी टारगेट के दिनों में गुड़ खाकर भी गुलगुले से परहेज करते हैं ताकि उनका नाम समाचार पत्रों के कॉलम या संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव को प्रेषित पत्रों तक न पहुंचे.पर शकर के ज़माने में गुड़ की बढ़ती कीमतें अपना हाल बता ही देती हैं. इसी से सेवाकाल में गुड़ की मिठास बनी रहती है. और प्रमोशन के अवसर भी-

**डॉ.महेन्द्र अग्रवाल**
**स. नई ग़ज़ल**
**सदर बाजार शिवपुरी म.प्र.**
**473551**
**मो.9425766485**

# जाते-जाते

## कहानी



एक हरा पत्ता अपने यौवनकाल में ही पेड़ से टूटकर अलग हो गया। हवा ने उसे सहारा दिया । मगर वह सहारा अपर्याप्त और क्षणिक था । पत्ता जमीन पर आ गिरा । हवा ने अफसोस जताया। कहा, मुझे दुख है। तुम असमय गिर पड़े। पत्ते ने हवा से कहा, मुझे यहाँ से ले चलो। हवा ने कहा, पेड़ तुम्हारे पिता हैं। थोड़ी देर इनके निकट रह लो । मन हल्का हो जाएगा । मेरे पिता को मुझे गिरा हुआ देखकर पीड़ा हो रही होगी। पत्ते ने कहा । पत्ते की भावना को समझकर हवा उसे वहाँ से दूर ले चली। आगे झरना था। हवा वहीं ठहर गई । उसने पत्ते को झरने के किनारे बिठा दिया। उसने कहा, झरने की फुहार से तुम कुछ दिन और जी सकोगे। तुम्हारा यहाँ रहना ठीक रहेगा । पत्ते ने कहा, नहीं, मुझे रेगिस्तान में ले चलो। हवा को अचरज हुआ। वह पत्ते को रेगिस्तान में ले गया। वहाँ सिर्फ रेत और गर्मी थी। पत्ता रेत पर उतर गया । रेत बहुत खुश हुआ। उसने पत्ते का आभार माना। उसने कहा, धन्यवाद । तुमने क्षण भर के लिए ही सही, मुझे शीतलता का अहसास कराया । पत्ता जल्दी ही सूखकर मुरझा गया और कहीं विलीन हो गया। हवा ने कहा, शीतल छाया देने वाले पत्ते, तुमने जीवन के अन्तिम क्षण को भी सार्थक बनाया । धन्य हो तुम !

**ज्ञानदेव मुकेश**
**न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना -800013**

## कहानी

# बेटियां होती है गुणों वाली



एक गर्भवती स्त्री ने अपने पति से कहा,आप क्या आशा करते हैं,लड़का होगा या लड़की ? पति ने मुस्कराते हुए कहा,अगर हमारा लड़का होता है,तो मैं उसे गणित पढ़ाऊंगा,हम खेलने जाएंगे और मैं उसे मछली पकड़ना सिखाऊंगा। पत्नी ने फिर पूछा, अगर लड़की हुई तो...? पति ने गहरी सांस लेते हुए कहा,अगर हमारी लड़की होगी,तो मुझे उसे कुछ सिखाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। पत्नी ने बड़ी ही उत्सुकता से पूछा,क्यों ? पति ने



उत्तर दिया, क्योंकि वो उन सभी में से एक होगी जो सब कुछ मुझे दोबारा सिखाएगी कैसे पहनना,कैसे खाना, क्या कहना या नहीं कहना। एक तरह से वो मेरी दूसरी मां होगी। वो मुझे अपना हीरो समझेगी,चाहे मैं उसके लिए कुछ खास करूं या न करूं। जब भी मैं उसे किसी चीज़ के लिए मना करूंगा,तो वो मुझे समझेगी। वो हमेशा अपने पति की मुझसे तुलना करेगी। यह मायने नहीं रखता कि वह कितने भी साल की हो,पर वो हमेशा चाहेगी कि मैं उसे अपनी बेबी डॉल की तरह प्यार करूं। वो मेरे लिए संसार से लड़ेगी,जब कोई मुझे दुःख देगा,तो वो उसे कभी माफ नहीं करेगी। पत्नी ने मुस्कराते हुए कहा,तो आपका मतलब है कि आपकी बेटी जो कुछ करेगी, वो आपका बेटा नहीं कर पाएगा ? पति ने धीरे से कहा,नहीं,नहीं,क्या पता मेरा बेटा भी ऐसा ही करेगा,पर वो सीखेगा। परंतु बेटी,इन गुणों के साथ पैदा होती है। किसी बेटी का पिता होना हर व्यक्ति के लिए गर्व की बात है। पत्नी ने आंखों में हल्की नमी के साथ कहा,पर वो हमेशा हमारे साथ नहीं रहेगी...? पति ने उसे गले लगाते हुए कहा,हां,पर हम हमेशा उसके दिल में रहेंगे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा चाहे वो कहीं भी जाए,बेटियाँ परी होती हैं,जो सदा बिना शर्त के प्यार और देखभाल के लिए जन्म लेती हैं। बेटियाँ सबके मुकद्दर में कहाँ होती हैं, जो घर भगवान को हो पसंद,वहां पैदा होती हैं बेटी।

**प्रेमनारायण वेद**
**इंदौर**

## पुरस्कार



आज कॉलेज से आने में हेमा को काफी देर हो गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम था जिसमें हेमा की सहभागिता थी। प्रायः सभी प्रतियोगिताओं में उसे कोई न कोई पुरस्कार मिला था... मिलता क्यों नहीं ...उसने दिनरात तैयारी की थी... अपनी सौतेली मां से छिपकर। पुरस्कार लेकर जाओ...शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और कॉलेज के प्रिंसिपल से मेडल मिलना...छोटी बात नहीं है ! सहभागियों के आग्रह पर रुक गई अब जो होगा सो देखा जायेगा । फिर तो सब समाप्त होते रात हो गई... जवान लड़की... ढेरों उपहार...। जब घर पहुंची... अब आई है कुलच्छिनी... कहाँ मुँह काला कर रही थी... किस कॉलेज में रात तक पढाई होती है विमाता ने झाड़ू उठाकर दे दनादन...बिफरे पिता ने भी दो थप्पड़ लगा दिये। हेमा ने अपने सारे पुरस्कार, सम्मान पत्र और वह नियुक्ति पत्र जो उसे समाजसेवी ने अपने फर्म में काम करने के लिये उसे दिया था... सामने रख दिया... विमाता के मारने से अधिक पिता के हाथ उठाने से व्यथित हृदय... आंखें बरस उठी लेकिन ख़ामोशी को अपना हथियार बना वह चुपचाप भीतर चली गई।

लज्जित पिता सिर झुकाये खड़े रहे...बिना कारण जाने युवा पुत्री पर हाथ उठाना वह भी दुसरी पत्नी के बहकावे में आकर।

**डॉ .उर्मिला सिन्हा**
**रांची झारखंड**

# अब तो आंखें खोलो



## कहानी

सुरेखा, दादा दादी ,मम्मी पापा की लाडली, बहुत ही होशियार,सुशील कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ती है,जितना पूछो उतना जवाब देती।

आजकल की लड़कियों को देखकर लगता, यह सुरेखा कितनी सीधी है।

अपने काम से काम रखती, जितना पूछो उतना ही जवाब देती, पर छुट्टियों के बाद से मैंने उसे स्कूल जाते हुए नहीं देखा। रहा नहीं गया पूछ बेटी, सुरेखा तुम्हारा रिजल्ट तो कब का आ गया। तुम अभी तक स्कूल नहीं जा रही हो।

वह मेरी बात को अनसुना कर अंदर चली गई। मैं भी किसी काम में लग गई।

दोपहर को जब मैं गाय को पानी पिला कर आ रही थी, तो सुरेखा की मां रास्ते में मिल गई।

मैंने पूछा सुरेखा पास हो गई ना। उन्होंने कहा, सुरेखा तो बहुत होशियार है । प्रथम श्रेणी से पास हुई है।

मैंने कहा यह तो अच्छी बात है, पर अभी तक उसकी पढ़ाई पूरी तो नहीं हुई, स्कूल खुल गए इतने दिन हो गए सुरेखा अभी तक स्कूल नहीं जा रही। उन्होंने कहा बहुत पढ़ ली ग्यारहवीं क्लास हो गई है। अब क्या करना है। घर का काम ही तो करेगी।

यह कह कर वह भी कोई बहाना बना घर की तरफ चली गई।

पर दोनों की बातों ने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया। आखिर इतनी होशियार लड़की आगे क्यों नहीं पढ रही।

एक दिन शाम को मैं उनके घर पर चली गई। बातों ही बातों में मैंने कहा, सुरेखा आगे पढ़ने का विचार नहीं है क्या ?

वह बोली नहीं आंटी पढ़ना तो चाहती हूं पर.........



उसके इस, पर ने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया, फिर मैंने कहा पर क्या ?

पास ही तो स्कूल है। पढ़ ले। बेटियों का भविष्य कुछ कह नहीं सकते।

पढ़ाई तो कभी भी काम आती है। तभी सुरेखा की दादी पास ही चारपाई पर बैठी थी ,बोल पड़ी , जितनी पढ़ ली ,बहुत है। छोरियों को कहां भेजें, स्कूल में अध्यापकों को मां-बाप समझ कर भेजते हैं, तो वह इन बच्चियों के साथ में देखो कैसे-कैसे गलत करते हैं ।

रास्ते में आवारा लड़के सीटियां बजाते हैं।

लड़कियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। किसको कहें ? सुनने वाला तो कोई है नहीं।

कानून तो वैसे भी अंधा है। इसलिए सोचा जितना पढ़ ली बहुत है। जल्दी ही अच्छा लड़का देख इसके हाथ पीले कर देंगे।

मैंने कहा दादी जी, आवारा लड़के तो ससुराल में भी होंगे।

भागने से समस्या का समाधान नहीं होता। उससे हमें लड़ना होता है।

तो क्या करें ,बेटी की जात। लोग सुनेंगे तो क्या कहेंगे। बदनामी तो लड़की की ही होगी।

मैं तो भगवान से की प्रार्थना करती हूं, कि यह बेटियां नहीं हो तो ही अच्छा है।

अब इनको कहां छुपा कर रखें। आए दिन अखबारों में ऐसे समाचार सुनने को मिलते हैं।

टी वी चालू करो तो उसमें भी ऐसा ही आता है।

आए दिन ऐसी कई घटनाएं होती रहती है जिससे मानवता शर्मसार हो रही है।

हर रोज कोई न कोई दामिनी , रौंदी , नोची जाती है।

रक्षक ही भक्षक बन गए हैं।

अभी कोलकाता में लेडी डॉक्टर के साथ दरिंदों ने जो गैंग रेप किया, उस घटना से तो मेरी ही नहीं देश की सारी बेटियां डरी हुई है।

आखिर उसे कब मिलेगा इंसाफ ?

न्याय तंत्र भी खोखला हो गया है। नन्हीं कलियों की आहट इन्हें सुनाई नहीं देती।

सब संवेदनहीन हो गए

यह सब सुन सुन, देख देख कर तो समझ ही नहीं आ रहा क्या करें।

सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे लगा रही है।

लेकिन बेटी के तन को नोचने वालों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा रही।

मेरी तो उम्र हो गई, मैं तो अब चली जाऊंगी, लेकिन इन बेटियों का क्या होगा ?

अब तो आंखें खोलो। यह कहते-कहते ही दादी की आंखों में आंसू आ गए।

**वीणा वैष्णव रागिनी**
**राजस्थान**

# असरकारी तो हो सकता है, लेकिन सरकारी नहीं



हाल ही में एक कार्यालय जाना हुआ। वहाँ कहने को तो अत्याधुनिक कंप्यूटर थे, लेकिन डिब्बे में बंद पड़े थे। कहा गया कि इसका अनावरण अभी नहीं हुआ है। मतलब, कंप्यूटर अनावरण का इंतजार कर रहे हैं। कभी-कभी अनावरण आमरण तक चलता है। इसीलिए पुराने कंप्यूटरों से ही काम चलाना पड़ रहा है। पुराने कंप्यूटर भी अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाने जाते हैं - जिनमें एक दिन चालू हो जाए, तो दूसरे दिन का इंतजार किया जाता है। पुराना तो पुराना होता है। उसका भी एक तराना होता है। काम न करने का बहाना होता है, जैसे सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए 'पहले दिन' का टोकन मिलता है। फिर वही टोकन बाकी दिन चक्कर लगाने का लाइसेंस हो जाता है।

परिणाम यह हुआ कि पत्रावलियों के अंबार पर अंबार लगे पड़े हुए हैं। लगता है कि उनकी होड़ एवरेस्ट से है। हो भी क्यों न? एवरेस्ट भारत में थोड़े न है! इसीलिए हिम का न सही कम से कम पत्रावलियों का एवरेस्ट भारत में बना ही सकते हैं। इससे देश का नाम और ऊँचा होगा। अगर एवरेस्ट का रिकॉर्ड तोड़ना है, तो कम से कम सरकारी दफ्तरों की पत्रावलियों का अंबार तोड़ना चाहिए।

पत्रावलियों का अंबार मकड़ियों को रोजगार देता है। कर्मचारियों का क्या है, वे तो चाय की चुस्कियों में अपना समय निकाल लेते हैं। मकड़ियाँ काम की जिम्मेदारी निभा रही हैं। चपरासी के पास वकील के सारे कागजात फेंक दिए गए हैं। ये पत्रावलियाँ अब मकड़ियों की चाय पार्टी का हिस्सा बन गई हैं। उन्होंने

## व्यंग्य तीसरी आँख

इन पत्रावलियों को अपनी वेतन वृद्धि का आधार बना लिया है।

अब इन पत्रावलियों पर बकरियाँ चर रही हैं। बकरियाँ भी समझदार निकलीं, उन्होंने भी सोचा कि अगर पत्रावलियाँ रद्दी में जा रही हैं तो छिलके में भी काम आ सकती हैं। उन्होंने भी अपने आपको एक किस्म का साक्षर समझा होगा, जिसके कारण पत्रावलियों को भूख मिटाने का माध्यम बना लिया।

ड्राफ्टिंग वाले कागज नोट के चक्कर में पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। नोट भिन्नार्थी होता है। समझने वाले समझ जाते हैं, और बाकी के लोग जैसे सरकारी दफ्तर में काम कर रहे होते हैं - देर से ही सही, लेकिन दिन आ ही जाता है। न समझने वाले आजीवन किराए के मकान में गुजर-बसर कर दम तोड़ देते हैं। उन नोटों की व्याख्या समझने वाले चपरासी चार-चार कोठियाँ भाड़े पर चढ़ा देते हैं। बेटी की शादी में ऑडी देकर अपनी बॉडी का सीना चौड़ा कर लेते हैं।

ऐसे ही चपरासियों का अपना चाणक्य वाक्य होता है - ÷जिस देश में लोग घास-फूस खा रहे हों, वहाँ घूस खाने से परहेज नहीं करना चाहिए।÷ यह एक अद्भुत रणनीति है, जिसमें घूस को भी 'सक्सेस मंत्रा' के टिप्स के रूप में देखा जाता है।

यहीं पर एक बड़े बाबू रहा करते थे। अब नहीं हैं। उनकी ईमानदारी ने उन्हें देहात भेज दिया। वैसे भी ईमानदारी सरकारी दफ्तरों में 'विपरीत परिस्थितियों में विकसित होने वाली संक्रांति' है। इस कार्यालय में वही बचे हैं जो दूसरों को सुधारने की नहीं सोचते। जो ऐसा सोचते हैं, वे खुद सुधर जाते हैं और एक दिन देहात की माटी फांकते हुए नजर आते हैं।

काम को कल पर टालने वाले टाइम मैनेजमेंट के गुरु और कबीर के ऐसे भक्त जो कल को आज, आज को अब करने की सोचते हैं, उन्हें आलसी बाबू बड़ी तबियत से लतिया देते हैं। लतियाते हुए कहते भी हैं - ÷यह सरकारी कार्यालय है। काम समय पर हो जाए तो इसकी अहमियत ही क्या रह जाएगी।÷ जितना कार्य लंबित होता है, वह उतना ही सम्माननीय होता है। यह पूरी सरकारी प्रणाली का अमर वाक्य है।

तभी यहाँ आने वाले जी हुजूरी, सलाम ठोंकने और घूस की घी वाली रोटी खिलाने को अपनी शान समझते हैं। जहाँ यह सब नहीं होता, वह असरकारी तो हो सकता है, लेकिन सरकारी कतई नहीं।

यहाँ, टाइम मैनेजमेंट के गुरु का मतलब है कि काम कभी नहीं होगा, लेकिन डेस्क पर बैठकर सीनियर की चाय जरूर लानी होगी।

कार्यालय का आदर्श वाक्य है - ÷काम का बोझ जितना ज्यादा, सम्मान उतना ही ज्यादा।÷ अखिरकार, सरकारी दफ्तरों में काम का न होना भी एक प्रकार का 'बिजनेस मॉडल' है। बिना काम के भी सैलरी मिलती है, और तारीखें भी बदलती रहती हैं।

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**
**'उरतृप्त', मो. नं. 73 8657 8657**





इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना । विधानसभा-3 के वार्ड 56,57,60 की 3100 से अधिक मातृशक्तियो ने विधायक गोलु शुक्ला के साथ किए भगवान महांकाल/हरसिद्धि माता के दर्शन15 हजार से अधिक मातृशक्ति श्रद्धालुओं ने अब तक किये दर्शन विधानसभा-3 के प्रत्येक वार्ड से दर्शन लाभ ले रही है क्षेत्र की जनता भगवान महांकाल/हरसिद्धि माता के दर्शन किये आज ग्यारस पर दर्शन कर पुण्यलाभ लिया उसके बाद उज्जैन में गुजराती धर्मशाला में आराम व फलाहारी व भोजन व्यवस्था रही। श्रद्धालुओं ने विधायक गोलु शुक्ला के साथ भगवान महांकाल/हरसिद्धि माता के दर्शन करते है पूर्ण पारिवारिक माहौल के साथ यात्रा सम्पन्न की इस अवसर पर मुख्य रूपसे पार्षद गजानंद गावड़े,सुरेश टाकलकर,दीपेंद्र सोलंकी,सुमित मिश्रा,दिनेश वर्मा,विनोद खण्डेलवाल,चंद्रभान सिंह सोलंकी,विशाल यादव,राजेन्द्र केलोनिया,दिनेश गौड़,पारस खिंची,राहुल राणे,सुमित पिपले सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने मेडिकल कॉलेज खण्डवा का किया निरीक्षण

## चिकित्सा अधिकारियों की ली बैठक

**इन्दौर राष्ट्रीय जनभावना।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने गुरूवार को इंदौर संभाग के खण्डवा में श्री नंदकुमार सिंह मेडिकल कॉलेज के ए ब्लॉक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने ओ.पी.डी. कक्ष, सी.सी.टीवी. कैमरे से निगरानी कक्ष, दवाई स्टोर कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने अस्पताल में सीसीटीवी कैमरों की संख्या एवं उसके द्वारा मॉनिटरिंग के संबंध में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दादू से जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों की भी जानकारी ली।



### मेडिकल कॉलेज में ली चिकित्सा अधिकारियों की बैठक

संभागायुक्त श्री सिंह ने मेडिकल कॉलेज में जिला चिकित्सा अधिकारियों एवं मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों एवं चिकित्सकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव लिए, जिससे व्यवस्थाएं और बेहतर की जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं चिकित्सक शिक्षकों की सुरक्षा सर्वोपरी है। जिला चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेहतर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी चिकित्सक आई कार्ड पहनकर आयें। अस्पताल में अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न कर सके इसके लिए आवश्यक इंतजाम किए जायें।

### संभागायुक्त ने किए दादाजी धुनिवाले के दर्शन

संभागायुक्त श्री सिंह ने दादाजी धुनिवाले के दर्शन किए। उन्होंने यहां पूजन-अर्चन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज राय, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले, श्री अरविंद चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र तारणेकर, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दादू सहित विभिन्न अधिकारीगण मौजूद थे।

# सनातन संस्कृति हमारे भारत को मजबूत बनाती है

## महर्षि श्री अरविंद जी के जन्म की 152 वीं वर्षगाठ के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय व्याख्यान

इंदौर सनातन संस्कृति एवं परम्परा हमारे भारत को मजबूत बनाती है इसे बनाये रखने की शिक्षा नवीन पीढ़ी को देने की आवश ?यकता है - श्री विभाष जी उपाध्याय ( समाजसेवी एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष म.प्र.जन अभियान परिषद )*



उक्त कथन महर्षि श्री अरविंदजी के जन्म की 152 वी वर्षगॉठ के अवसर पर इंदौर में आयोजित व्याख्यानमाला में श्री विभाष उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहे।

मुख्य अतिथि माननीय सांसद इंदौर- श्री शंकर ललवानी ,कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री विभाष जी उपाध्याय समाजसेवी एवं पूर्व उपाध्यक्ष म.प्र. जन अभियान परिषद, मुख्य वक्ता के रूप मे सुश्री सुमन कोचर श्री अरविन्द सोसायटी पुंडुचेरी शाखा इंदौर एवं प्रदेश समिति सलाहकार ,विशेष अतिथि श्रीमति श्रुति जी केलकर दीदी राष्ट्र सेविका समिति मध्य भारत प्रान्त प्रान्त सेवा प्रमुख श्री अमित शाह, संभाग समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद इन्दौर एवं जिला समन्वयक श्रीमति ऋतुजा पहाड़े मंचासीन रहे । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का परिचय सुरेशचंद्र यादव विकासखण्ड समन्वयक देपालपुर ने करवाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणा गीत से किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा महर्षि श्री अरविंद, श्री माँ एवं भारतमाता का पूजन और मार्ल्यापण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

अतिथियों के स्वागत पश्चात दुर्गा स्त्रोत का श्रवण किया।

मुख्य अतिथि सांसद श्री ललवानी ने कहा कि महर्षि अरविंद जी के जीवन दर्शन पर हम सभी को उनके जीवन को पढ़कर जानना उन्होंने अपने जीवन मे राष्ट्र को पाथेय दिया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभाष उपाध्याय ने कहा कि धरती पर सबसे सुलभ भगवान स्वयं है। भारत ने 1000 वर्ष गुलामी झेलने के बाद में भारत की हस्ती नही मिटती है।

कार्यक्रम संयोजक के रूप में सुश्री कीर्ति दीक्षित , निर्मल नजर सोशल वेलफेयर सोसायटी ने अपनी सेवाएं दी । इस अवसर पर चारो विकासखण्ड देपालपुर, सांवेर, महू, इंदौर के समन्वयक, मेंटर्स, नवांकुर, प्रस्फुटन समिति, स्वैच्छिक संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र/छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुवादे विकासखण्ड समन्वयक जिला कार्यालय इंदौर द्वारा किया गया । कार्यक्रम के अंत में आभार प्रवेश शर्मा विकासखण्ड समन्वयक इंदौर ने किया।

# भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन

इंदौर। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा इंदौर ने एक भव्य राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन आनंद मोहन माथुर सभागृह में किया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एयर मार्शल श्री शशिकर चौधरी थे,विशेष अतिथि श्री सुनील त्रिपाठी जनरल मैनेजर डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रीज सेंटर पीथमपुर थे।



बॉली वुड गायिका, छोटे उस्ताद, इंडिया गॉट टैलेंट, उस्तादो के उस्ताद विजेता सुश्री शैली बीडवाइकर विशेष रूप उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री शैली बीडवायकर ने राष्ट्रीय गीत गाकर किया, सुश्री मनस्वी आप्टे ने कथक कर गणेश वंदना की।

शैली बीडवाईकर एवम मनस्वी आप्टे ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में 10 स्कूल ने हिस्सा लिया।

सभी बच्चो ने एक से बढ़कर एक सुंदर वेशभूषा और प्रॉप के साथ जोश से भरी बहुत सुंदर प्रस्तुतियां दी !पूरा प्रतियोगिता बहुत ही जीवंत एवम शानदार रहीं। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि एयर मार्शल श्री शशिकर चौधरी ने बताया कि देश की रक्षा कैसे एवम कितनी कठिन परिस्थितियों में की जाती है आपने बताया की कारगिल युद्ध में जहां उन ऊँचाइयों पर ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस लेना भी कठिन होता है वहा हमारे योद्धाओं ने विजय प्राप्त की। विशेष अतिथि डीआईसी जनरल मैनेजर श्री सुनील त्रिपाठी जी ने प्रकृति की रक्षा करने के लिए वृक्ष लगाने एवन राष्ट्र को प्रगति के लिए नए उद्योग लगाकर ,रोजगार मुहैया कराकर कैसे की जाती है बताया। शैली बीडवाईकर, मनस्वी आप्टे, अर्पिता अग्रवाल, एवम भारत विकास परिषद विवेकानंद की सदस्य किरण छाबरा जी को सम्मान पत्र उनकी विशेष उपलब्धियों पर भेंट किया गया। किरण छाबरा ने मैराथन में लगातार 12 घंटे दौड़ कर क़रीब 65 व्रद्ध की मेरथान दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विवेकानंद शाखा उनके इस उपलब्धि पर स्वय को गौरवान्वित महसूस करती हे। पिछली वर्ष की विजेता एनडीपीएस स्कूल ने फिर इस बार प्रथम स्थान एवम प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्रात किया।प्रथम आने वाली एनडीपीएस टीम अगले लेवल की

# इंदौर पब्लिक स्कूल, सांवेर केम्पस का सर्वोत्तम प्रदर्शन

इन्दौर ।इंटर स्कूल सहोदय क्लस्टर-4 में लोक नृत्य प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन इंदौर में किया गया जिसमें कुल 20 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसके अंतर्गत इंदौर पब्लिक स्कूल, सांवेर केम्पस के छात्र-छात्राओं ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रर्दषन करते हुए सर्वोत्तम प्रदर्षन का खिताब प्राप्त कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया।



सहोदय इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने मालवी पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी निर्णायकगणों एवं दर्षकों को उनकी कला कौषल, तारतम्यता और भाव भंगिमा एवं लोक नृत्य की शुद्धता से प्रभावित किया।

इस पारंपरिक लोक नृत्य में संस्था के विद्यार्थियों (एंजल पटेल, यषस्वी पटेल, सुमेरा अली, आभा गोहील, लक्ष्मी सोलंकी, वरही कुमावत, हर्षिता पटेल, निष्ठा षिन्दे) ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस उपलक्ष्य में प्रचार्य महोदया (श्रीमती शालिनी) ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं नृत्य षिक्षिका को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। एवं विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता हेतु प्रोत्साहित किया।

# जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा किया जाये- मंत्री श्रीमती उइके

## अधिकारी मैदानी स्तर पर लगातार भ्रमण करते हुए कार्यों की मॉनिटरिंग करें

## पीएचई मंत्री श्रीमती उइके ने इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक ली

**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** जल जीवन मिशन के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाये। अधिकारी मैदानी स्तर पर लगातार भ्रमण करते हुए कार्यों की मॉनिटरिंग करें। योजनावार कार्यों की साप्ताहिक एवं मासिक स्तर पर संभाग एवं राज्य स्तर से नियमित समीक्षा की जाये। यह निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने आज रेसीडेंसी कोठी में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभागीय अधिकरियों की बैठक लेते हुए दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत इंदौर और उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों में योजनाओं की समीक्षा की तथा यह निर्देश दिये कि पीएचई एवं जल निगम के अधिकारी मैदानी स्तर पर बेहतर समन्वय करते हुए कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिये कि इंदौर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने हेतु 20 सितम्बर तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाये। मैदानी स्तर पर निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो। किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाशत नहीं की जायेगी।



उन्होंने जिलेवार जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल एवं समूह योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विभाग के प्रमुख अभियंता श्री के के सोनगरिया, मध्यप्रदेश जल निगम के मुख्य अभियंता श्री आलोक जैन, पीएचई मुख्य अभियंता श्री विजय सिंह सोलंकी, अधीक्षण यंत्री श्री अजय श्रीवास्तव, श्री राजीव खुराना, श्री डी.एल. सूर्यवंशी, इंदौर तथा उज्जैन संभाग के समस्त जिले के कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री उपस्थित थे। मंत्री श्रीमती उइके ने निर्देश दिये कि साप्ताहिक एवं मासिक स्तर पर योजनावार प्रगति की समीक्षा संभाग एवं राज्य स्तर से की जाये। उन्होंने हर घर नल से जल की अवधारणा हेतु एफएचटीसी कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मैदानी स्तर पर बेहतर समन्वय के साथ योजनाओं को पूरा किया जाये। मैदानी स्तर पर छोटी से छोटी समस्या का निराकरण तत्काल करें। उन्होंने 3 एवं एक वर्ष अवधि की लंबित योजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने रोड़ रेस्टोरेशन कार्य की जिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि 15 दिवस में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के समस्त जिलों में रोड़ रेस्टोरेशन के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाये। मंत्री श्रीमती उइके ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पुनरीक्षण योजनाओं की डीपीआर तैयार किये जाने की जिलेवार समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने हर घर जल घोषित एवं प्रमाणीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए इस कार्य के लिये जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन एवं समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कराते हुए उन्हें योजना संचालन की जानकारी से अवगत कराये जाने के निर्देश दिये। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जनप्रतिनिधिगण एवं सदस्यगण को योजनावार प्रगति से अवगत कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा काल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने एवं जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित हो।

इस कार्य के लिये मैदानी स्तर पर तत्परता से कार्रवाई करें। जल स्त्रोतो का ट्रीटमेंट नियमित रूप से किया जाये। बैठक में उन्होंने मध्यप्रदेश जल निगम के अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें। मैदानी स्तर किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर संपर्क कर समस्या का निराकरण करें। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत इंदौर झोन में कई मानकों पर बेहतर कार्य होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## पोरवाल दिवस मनाया



इंदौर (प्रेमनारायण वेद)। पोरवाल दिवस के उपलक्ष्य पर जांगड़ा पोरवाल परिसर छत्रीबाग में पोरवाल समाज के सभी घटको ने मिलकर पोरवाल दिवस मनाया और शुभकामना दी।

## बॉलीवुड अभिनेता इश्तियाक खान की अभिनय कार्यशाला



इन्दौर। अभिनव कला समाज में अनवरत थिएटर ग्रुप द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 40 से अधिक रंगकर्मियों ने अभिनय की बारीकियाँ सीखीं। प्रशिक्षण देने वाले ख्यात अभिनेता इश्तियाक खान लूडो, तमाशा, मैदान, फँस गये रे ओबामा जैसी कई फिल्मों में अभिनय के लिये जाने जाते हैं। अभिनव कला समाज के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, कार्यकारिणी सदस्य सोनाली यादव और नीतेश उपाध्याय ने इश्तियाक खान का स्वागत किया एवं इंदौर कला जगत के बारे में चर्चा की।

## मिस एंड मिसेज इंदौर का कॉन्सेप्ट शूट सफलतापूर्वक संपन्न



इंदौर (ताहिर कमाल सिद्दीकी)। मिस एंड मिसेज इंदौर बिज़नेस वूमेन एंपावरमेंट की फाउंडर पायल जायसवाल ने सेंट्रल इंडिया में पहली बार प्लस साइज़ मिस एन्ड मिसेज इंदौर प्रतियोगिता के दो ऑडिशन और कॉन्सेप्ट शूट सफलतापूर्वक संपन्न हो गए हैं।

अब 5-7 सितंबर 2024 को मल्हार मॉल में आईबीडब्ल्यूइ के कमेटी मेंबर स्नेहा विरवानी, नेहा जोशी और मितोशी साहा और कोरियोग्राफर प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में रवि गुप्ता सर के मार्गदर्शन में ग्रूमिंग क्लासेस आयोजित की जाएंगी। जहां सभी प्रतिभागी फैशन शो और पर्सनालिटी ग्रूमिंग सीखेंगे। इसके बाद 8 सितंबर 2024 को सोलरिस होटल, इंदौर में ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जाएगा। वाइल्ड कार्ड एंट्री सभी के लिए खुली है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाएं अपनी प्रतिभा और सुंदरता का प्रदर्शन करेंगी। पायल जायसवाल ने बताया हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं।

## व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन

इंदौर । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के व्यापार एवं उद्योग प्रभाग द्वारा व्यापार एवं उद्योग जगत से जुड़े प्रबुद्धजनों के लिए रविवार, 8 सितंबर 2024 को एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त सम्मेलन ब्रह्माकुमारीज़ के क्षेत्रीय कार्यालय, न्यू पलासिया स्थित राजयोगी ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी सभागार, ज्ञानशिखर, ओमशांति भवन में सुबह 10ञ्30 बजे से होगा। जिसका विषय है व्यापार एवं उद्योग में सफलता के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण ।

उक्त जानकारी देते हुए इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका तथा व्यापार एवं उद्योग प्रभाग की क्षेत्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया कि उक्त सम्मेलन में हैदराबाद से पधारी सुप्रसिद्ध कॉरपोरेट ट्रेनर ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी का विशेष उद्बोधन रहेगा। कार्यक्रम में भारत के कई स्थानों से विशेष अतिथिगण इंदौर पधार रहे हैं। दीदीजी ने ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों एवं उद्योगपतियों का सम्मेलन में भाग लेने हेतु आह्वान किया है। सम्मेलन में प्रवेश निशुल्क परंतु रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हैं, जिसके लिए नीचे दिए गए लिंक द्वारा रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें।

## इन्दौर अभिभाषक संघ के सम्पन्न चुनाव की पारदर्शिता जांचने के लिए कमेटी का गठन

इन्दौर। मार्च 2024 में सम्पन्न हुए इन्दौर अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर कुछ सदस्यों ने संघ को एक ज्ञापन देकर आरोप लगाया था कि इस चुनाव में अपात्र सदस्यों ने भी मतदान किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में पारदर्शिता रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का दावा किया गया था लेकिन जब सदस्यों ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज मांगे तो उन्हें उपलब्ध नहीं करवाए गए।

इसके बाद इंदौर अभिभाषक संघ के मार्च 2024 में हुए चुनाव की पारदर्शिता जांचने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। संघ के सचिव कपिल बिरथरे के अनुसार अभिभाषक राकेश हार्डिया को कमेटी संयोजक बनाया गया है। साथ ही एडवोकेट विमल मिश्रा, एडवोकेट प्रकाश गुप्ता, एडवोकेट महेश बोरहरी सदस्य के रूप में कमेटी में शामिल किए गए हैं। कमेटी 15 दिन में अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपेगी।

# मुँह का कैंसर सबसे ज़्यादा पाया जाता है उसके बाद स्तन और फेफड़ों के कैंसर

**इंदौर।9 कैंसर सर्जरी में फोज़न सेक्शन का उपयोग करने से कैंसर बार-बार होने की संभावना कम होती है और इलाज से मरीज़ों को मिलने वाले परिणामों में सुधार होता हैस्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ी चुनौती वाले कैंसर पर कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इंदौर ने 18 महीनों तक गहन अध्ययन किया। जनवरी 2023 से जनवरी 2024 तक किए गए कैंसर केसेस के विश्लेषण से शहर में कैंसर केसेस की तादात, प्रकार और कैंसर से सबसे ज़्यादा प्रभावित होने वाले आयु वर्गों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हाथ आयी है।**

### सर्जरी के दौरान फ्रोज़न सेक्शन एनालिसिस से कैंसर बार-बार होना रोकने में मदद मिलती है

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर द्वारा अध्ययन

### महत्वपूर्ण निष्कर्ष

बायोप्सी सैंपल और सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए अस्पताल में आए मरीज़ों के विश्लेषण किए गए। 1100 सैंपल में से 405 घातक साबित हुए। सबसे ज़्यादा यानी 45त्न केसेस मुँह के कैंसर के थे, जिनका सबसे बड़ा कारण तंबाकू सेवन था। उसके बाद स्तन कैंसर के 15त्न और फेफड़ों के कैंसर के 13त्न केसेस थे। साथ ही कोलोरेक्टल और प्रोस्टेट कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, सॉफ्ट टिश्यू ट्यूमर, ओव्हरियन ट्यूमर और लिम्फोमा आदि कैंसर भी पाए गए।

अध्ययन में लैंगिक असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई दी, पुरुष-महिला रेशो 2.1ञ्1 पाया गया, यानी पुरुषों में कैंसर के मामलें ज़्यादा पाए गए हैं। सबसे अधिक मामले 41-60 आयु वर्ग में मिले। महिलाओं में कैंसर के मामलें बढ़ने का सबसे बड़ा कारण स्तन कैंसर का बढ़ना है। ज़्यादातर 41-60 आयु वर्ग की महिलाएं स्तन कैंसर की चपेट में आ जाती हैं।

### बीमारी का जल्द से जल्द पता लगाने और इलाज का महत्व

अध्यन में पाया गया कि मुँह के कैंसर के ज़्यादातर केसेस का निदान चरण ञ्4 में किया गया था। इस चरण में बीमारी काफी ज़्यादा बढ़ चुकी होती है। स्तन कैंसर के ज़्यादातर मरीज़ चरण ञ्2 में अस्पताल में आए यानी निदान के समय ट्यूमर का आकार 2 सेमी से 5 सेमी के बीच था। टिश्यू बायोप्सी की कमी और बीमारी को टीबी समझ लेने की गलती करने से फेफड़ों के कैंसर के कई केसेस का निदान नहीं हो पाता है। डेटा से यह भी पता चला है कि प्रोस्टेट कैंसर का निदान भी काफी देर से होता है।



इन निष्कर्षों से पता चलता है कि जल्द से जल्द जांच और समय पर इलाज कराना बहुत ज़रूरी है। देर से निदान की दर काफी ज़्यादा है, जो अधिक जागरूकता और नियमित रूप से जांच की आवश्यकता को दर्शाती है। खासकर वयस्कों को नियमित रूप से जांच करवाना, बीमारियों के लक्षणों के बारे में सचेत रहना बहुत ज़रूरी है।

### फ्रोज़न सेक्शन एनालिसिस - एक गेम चेंजर

कैंसर के अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों में पाया गया कि कैंसर को दोबारा और बार-बार सर्जरी की आवश्यकता को कम करने में फ्रोज़न सेक्शन टेक्निक की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर में फ्रोज़न सेक्शन तुरंत करने के लिए अत्याधुनिक क्रायोस्टाट (Cryostat) मशीनें हैं। कैंसर पूरी तरह से निकाले नहीं जाने के कारण कुछ कैंसर सेल्स सर्जिकल मार्जिन के परे रह जाती हैं, जिसकी वजह से कैंसर बार-बार होते रहता है। फ्रोज़न सेक्शन टेक्निक में पैथोलॉजिस्ट सर्जरी के दौरान ही सर्जिकल मार्जिन की जल्दी से जांच करके देखा जाता है कि क्या सारा कैंसर हटा दिया गया है। इससे सर्जन को वास्तविक प्रतिक्रिया मिलती है, उन्हें यह तय करने में मदद मिलती है कि उन्हें तुरंत और अधिक टिश्यू निकालने की आवश्यकता है या नहीं और दोबारा सर्जरी की आवश्यकता से बचा जा सकता है। यह तकनीक विशेष रूप से स्तन-संरक्षण सर्जरी में फायदेमंद है। इस सर्जरी का लक्ष्य है जितना संभव हो उतना स्वस्थ टिश्यू को संरक्षित करते हुए ट्यूमर को हटाना होता है।

### हमारा लक्ष्य - मरीज़ों को सशक्त बनाना

कैंसर एक बड़ी चुनौती है, लेकिन इसका शीघ्र पता लगाने, समय पर, सही दृष्टिकोण के साथ, प्रभावी ढंग से इलाज करने से इस पर विजय हासिल की जा सकती है। कैंसर के मामलों के व्यापक अध्ययन में पता चला है कि मुँह, स्तन और फेफड़ों के कैंसर के मामलें काफी ज़्यादा हैं। नई तकनीक और ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञता के साथ-साथ उन्नत फ्रोज़न सेक्शन एनालिसिस करके सभी मरीज़ों को सर्वोत्तम देखभाल, बेहतर परिणाम प्रदान किए जा सकते हैं।

# अंधेरे में रखकर प्रतिनियुक्ति की तैयारी, खुली पोल

## नगरीय विकास एवं आवास विभाग का मामला

**इंदौर। प्रदेश में कर्मचारी हों या अफसर स्वैछारिता बढ़ती ही जा रही है। इसका ताजा उदाहरण प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग में सामने आया है। विभाग में पदस्थ तमाम सब इंजीनियर वगैर विभाग को बताए प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए साक्षात्कार दे आए। इसके लिए न तो उनके द्वारा कोई अनुमति ली गई और न ही कोई सूचना दी गई।**

इसकी पोल उस समय खुली जब विभाग को सब इंजिनियरों के दूसरे विभाग में प्रतिनियुक्ति में जाने कके लिए चयन की सूचना दी गई। दरअसल यह दूसरा विभाग भी विकास कामों से जुड़ा हुआ है। गुपचुप उठाए गए इस कदम से आला अफसर बेहद नाराज हैं, जिसकी वजह से अब उन्हें रिलीव नहीं किया जा रहा है।

यही नहीं अब संबंधित इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस भी थमाए जा रहे हैं। दरअसल, नगरीय विकास विभाग पहले से ही इंजिनियरों की कमी से जूझ रहा है। जिसकी वजह से दूसरे विभाग में जाने के लिए पहले ही अनुमति मिलना मुश्किल था। कुछ समय पहले मप्र ग्रामीण सडक़ विकास प्राधिकरण में डेपुटेशन पर इंजीनियरों की भर्ती के लिए आवदेन बुलाए गए थे।

इसके लिए नगरीय प्रशासन संचालनालय के 16 सब इंजीनियरों ने विभाग को अंधेरे में रखकर आवेदन कर दिया। वहां साक्षात्कार भी दे आए और फिर चयन भी हो गया। इनके चयन के बाद प्राधिकरण ने संचालनालय को पत्र लिख कर उनके चयन की सूचना देते हुए उन्हें रिलीव करने का आग्रह किया। इस पत्र के आने के बाद विभाग में हडक़ंप मच गया।

संचालनालय ने इन चयनितों को छोडऩे साफ मना कर दिया है। यह वे इंजीनियर है जो विभाग में बीते कई सालों से कार्यरत हैं। इसके बाद भी उनके द्वार नियमों का खुलकर उल्लंघन किया गया है। यही वजह है कि अब उनसे इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है।

### विभाग पहले से ही जूझ रहा कमी से

नगरीय विकास एवं आवास विभाग पहले से ही तकनीकी और प्रशासनिक अमले की कमी के चलते बेहद परेशान चल रहा है। स्थिति यह है कि सब इंजीनियरों को दो-दो नगरीय निकायों का काम करना पड़ रहा है। यही नहीं नगर निगमों में भी सब इंजीनियरों को सहायक यंत्री, असिस्टेंट इंजीनियरों को कार्यपालन यंत्री का प्रभार देकर काम चलाना पड़ रहा है। यही नहीं अगर भोपाल नगर निगम की बात की जाए तो वहां पर तो बिल्डिंग परमिशन शाखा में एक सहायक यंत्री को तीन से चार जोन का काम करना पड़ रहा है।

## थाना प्रभारी का जन्मदिवस बनाया



इंदौर। एम आई जी थाना प्रभारी मनीष लोधा के जन्मदिवस पर उन्हें वरिष्ठ नेताओं एवं समाजसेवीयो द्वारा फूल माला एवं शाल श्रीफल देकर शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस सचिव राहुल निहोरे जी इंटक नेता जानकीलाल पटेरिया जी वरिष्ठ नेता सुखदेव खड़बड़ीकर जी अखाड़े के उस्ताद हरी मरमट जी अनिल निहोरे जी आम पार्टी नेता बाबूलाल जिनवाल जी बंधन बैंक मैनेजर मयूर विजयवर्गी जी के साथ थाना स्टॉफ उपस्थित हुआ आदि वरिष्ठ जन उपस्थित हुए।

राहुल निहोरे द्वारा संचालन करते हुए बताया की ज़ब से लोधा जी को थाना प्रभारी बनाया है यहां अपराध मे कमी आयी है एवं अवैध शराब एवं अन्य धंधे वालो मे कमी आयी है आभार जानकीलाल पटेरिया ने माना।

## गरीब लोगों पर नगर निगम की पीली गैंग का अत्याचार



इंदौर। नगर निगम द्वारा गरीब दो वक्त की रोटी कमाने वाले ठेले पर छोटा-मोटा व्यापार करने वाले गरीब लोगों पर नगर निगम की पीली गैंग का अत्याचार निरंतर जारी है का प्रदेश के मुख्यमंत्री और इंदौर नगर निगम कमिश्नर महापौर जिला प्रशासन 2 जून की रोटी कमाने वाले गरीबों पर अत्याचार बंद कर इन्हें कोई रोजी-रोटी कमाने की वैकल्पिक व्यवस्था करेगा या इसी तरह गरीब लोगों पर उनके पेट पर अत्याचार करेगा प्रदेश के मुख्यमंत्री नगर निगम कमिश्नर महापौर जिला प्रशासन जवाब दे गरीब लोगों का सब्र टूट गया तो संभालना मुश्किल हो जाएगा जाएगी कांग्रेस कार्यकर्ता जीतू दीवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी घोषणा करती है शहर के हर गरीब वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके पक्ष में निरंतर लड़ाई लड़ी।

## लोकपथ ऐप का विस्तार... जल्द ही सभी सड़कें आएंगी जद में

### डेढ़ महीने में हजारों सडक़ों की मरम्मत की पीडब्ल्यूडी विभाग ने

**इंदौर। सडक़ों की मरम्मत और गड्ढा मुक्त करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से लोकपथ ऐप बनाया गया है, जो जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू हुआ था। तकरीबन डेढ़ महीने में प्रदेशभर में हजारों सडक़ों की मरम्मत में ऐप माध्यम रहा है। जल्द ही इस ऐप के दायरे में विस्तार किया जाएगा और सभी सडक़ों को इससे जोड़ा जा सकता है।**

आम आदमी सडक़ों पर गड्ढे को देखकर मोबाइल से फोटो खींच लोकपथ ऐप पर डाउनलोड कर उनकी मरम्मत के लिए 7 दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से लोकपथ ऐप बनाया गया है। पिछले डेढ़ महीने में मुख्य मार्ग से जोडऩे वाली सडक़ों को गड्ढा मुक्त करने का दावा लोक निर्माण विभाग की ओर किया जा रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि शासन की योजना बहुत ही अच्छी है, इससे तुरंत अपडेट होने की सूचना मिलती है और सूचना मिलती ही विभागीय इंजीनियर सडक़ों की मरम्मत निर्धारित अवधि में कर रहे हैं।

### पहले चरण में मुख्य मार्ग, 1 महीने में कार्य क्षेत्र बढ़ेगा

लोकपथ ऐप के अंतर्गत अभी ग्रामीण क्षेत्र को मुख्य मार्ग से जोडऩे वाली सडक़ों को लिया गया है। इसमें हाईवे भी शामिल हैं। जल्द ही इस ऐप का दायरा बढने वाला है। इसमें अन्य सडक़ों को भी जोड़ा जाएगा, जिससे आमजन को जिस भी मार्ग पर परेशानियां या गड्ढे दिखेंगे, वह तुरंत फोटो खींचकर ऐप पर अपलोड कर सकेगा। हालांकि विभागीय अमले को भी अलर्ट रहना होगा।

### अधिकारियों की जवाबदारी निर्धारित

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सब इंजीनियर को ऐप पर गड्ढे की जानकारी मिलने के 7 दिवस में मरम्मत कर मार्ग को सरपट करना है। अगर वह अपना काम निर्धारित अवधि में नहीं करता है तो विभागीय एसडीओ के लिए तीन दिन का समय और यहां भी अगर काम पेंडिंग रहता है तो कार्यपालिका यांत्रिक के लिए भी तीन दिन का समय कार्य को दुरुस्त करने के लिए निर्धारित किया गया है। इन तीनों स्तर पर काम में कोताही मिलती है तो फिर सख्त कार्यवाही व निलंबन भी किया जा सकता है।

# शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी- यामिनी जगताप

इंदौर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो इंदौर ने इंदौर स्थित सांई बाबा पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर रिजर्व इंदौर मध्य प्रदेश पुलिस संगठन के सहयोग से बालिकाओं की खो खो एवं बालकों की लंगडी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।



खेल के प्रति जागरूकता लाने के उदेश्य से एक जागरूकता रैली भी निकली गई। कार्यक्रम के दौरान फिट इंडिया पर छात्र-छात्राओं ने शपथ भी ली। विजेताओं में गीतांक्षी सेन, खुशी राठौर, वी सांवले तथा हिमांशु यादव को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी दिलीप सिंह परमार ने कहा कि शारीरिक व्यायाम के लिए सबसे उपयुक्त खेल होता है। यदि गंभीरता से खेल खेला जाए तो अपना उज्जवल भविष्य खेल मे बना सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉक्टर यामिनी जगताप ने कहा कि खेलो एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं । उन्होंने आगे कहा कि खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल संयोजक श्रीमती आरती मौर्य रिजर्व इंदौर मध्य प्रदेश पुलिस संगठन ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए खेलों के महत्व के बारे में बताया । श्रीमती आर्य ने कहा कि आज के समय में खेल में भी उज्जवल भविष्य की अपार संभावनाएं हैं।

## पोर्ट्रेट बनाकर भेंट किया .....



हातोद (संजय डागा)। हातोद के डागा परिवार की बालिका तनिष्का अजय डागा ने पैसिंल से कैनवास पर पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्राजी महाजन ÷ताईजी÷ की तस्वीर हूबहू बनाकर उन्हें उनके निवास पर जाकर भेंट की, ताईजी तनिष्का की कृति को देखकर बहुत प्रसन्न हुए और बालिका के उज्जवल भविष्य के प्रति आशिर्वाद और शुभकामनाएं दी। हातोद के भाजपा के वरिष्ठ सत्यनारायण आजादजी,और नरेन्द्र बापट जी, संजय डागा इस अवसर पर उपस्थित थे।

## पशुपतिनाथ मंदिर में सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में मना कृष्ण जन्मोत्सव



इंदौर समाचार प्रतिनिधि। बजरंग नगर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में हर पर्व हर्षोल्लाह व धूमधाम से मनाया जाता है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व पर भी भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर प्रांगण को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था।

मंदिर पुजारी सत्येंश शास्त्री ने बताया कि प्रातः काल भगवान विठ्ठल नाथ का पूजन व विष्णु सहस्त्रनाम के द्वारा तुलसी अर्चन कर आरती की गई। तत्पश्चात् वृंदावन से बुलवाई गई विशेष पोशाक द्वारा भगवान का मनमोहक श्रृंगार किया गया। भगवान का झूला सजाया गया। सायंकालीन आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि 11:30 बजे भगवान का पंचामृत से स्नान व अभिषेक किया गया वहीं रात्रि 12:00 बजे भगवान के पट भक्तों के लिए खोले गए और जन्माष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से सैकड़ो भक्तों के साथ मनाया गया।

## अन्नू पटेल को किया सम्मानित




इंदौर। गोगानवमी पर नरवले परिवार द्वारा राजवाड़ा पर स्वागत मंच लगाया गया। जिसमें सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। मंच पर लेखराज नरवले और नितेश नरवले के नेतृत्व में खजराना के वरिष्ठ समाजसेवी अन्नू पटेल को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गोगादेव के जन्मोत्सव पर निकलने वाले छड़ी, निशानों, उस्ताद, खकिफ़ाओं, समाजसेवियों व राजनीतिक हस्तियॉं का भी स्वागत-सम्मान किया गया।

## सृजन विविधा 30 अगस्त, 2024 को

इंदौर श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर में ''सृजन विविधा'' वरिष्ठ एवं नवोदित सभी रचनाकारों के लिए अपनी卐स्वरचित रचना卐 जैसे गीत, गजल, कथा, लेख आदि प्रस्तुत करने का यह एक खुला मंच है। श्रोताओं द्वारा रचनाओं की समीक्षा व सुझावों से नवोदित रचनाकारों को लेखन की दिशा में मार्गदर्शन सुलभ है। साहित्य में रुचि रखने वाले आप सभी सम्माननीय रचनाकार, श्रोता व पाठकों का इस मंच पर हार्दिक स्वागत है। प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम 30 अगस्त, 2024 शाम 6 :00 बजे से रहेगा।

## कार्टून कोना..........



# मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

इंदौर। आज इंदौर में मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की मध्य प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होटल दिव्य पैलेस में रखा गया एवं बंगाल की महिला डॉ. मौमिता देबनाथ जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई,कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई।



समारोह को आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक श्री अनिरुद्ध सिंह जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अमित सिसोदिया जी, राष्ट्रीय महासचिव डॉ.कल्याणी सिंह जी, मध्य प्रदेश संरक्षक महंत श्री सत्यानंद जी महाराज का सम्मान कर मनचासीन अतिथियो का अभिनंदन किया गया।

आला अधिकारियों के उद्बबोधन के बाद संगठन की एकता का परिचय देते हुए नवीन ड्रेस कोड का आरंभ किया व संगठन की टी शर्ट लॉन्च की गई।

तत्पश्चात संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संगठन द्वारा टीम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं सदस्यों का चयन कर उन्हें मोमेंटो व शील्ड देकर एवं ओपना पहना कर सम्मानित किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अमित सिसोदिया जी ने सभी का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का संचालन डॉ? गगन वर्मा, रिया जैन,व आमिर खोखर जी ने किया,अतः मैं महंत श्री सत्यानंद जी महाराज ने देशहित व संगठन का लक्ष्य महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, बाल अपराध, व नशा मुक्त भारत, की शपथ दिलाई।

अंत में सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने साथ भोजन कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर संगठन से मुख्य कार्यालय प्रभारी रिया जैन, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रितु छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, जिला सचिव रिंकू पीपले, महिला प्रकोष्ठ देवास जिला अध्यक्ष निशा यादव, इंदौर टीम सलाहकार मुकेश छाबड़ा, सलाहकार दीपांश जोशी, सलाहकार आशीष अग्रवाल, शहर सचिव डॉ. समीर खान, पश्चिमी जोन अध्यक्ष हरीश वोरा, पश्चिमी जोन उपाध्यक्ष भूपेश टोपीवाला, पश्चिमी जोन महासचिव आशीष हडिया, लीगल एडवाइजर ठाकुर प्रसाद तबरेज, पूर्व जोन उपाध्यक्ष रीना पुरोहित, एवं सदस्य विक्रांत ओबेरॉय, समीर शर्मा, विजय वालेचा, रीना राठौर, ज्ञान प्रकाश यादव, जितेंद्र तोमर, हेमलता केसरी, रमेश जोशी, महेश चंद्र सोडाणी, डॉ राज, वैशाली सेन, हर्षिता तनेजा, बद्री प्रसाद वर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, पूनम तनेजा, राजेश जोशी, अर्जुन नायक, शारदा मालवीय, प्रियांशी जोशी, एडवोकेट रूपेश पाल, रमेश सबनानी, सावित्री पाटीदार, जयंत हलदर, दिलीप खेतवानी, एडवोकेट सुधा लोट, अरविन्द गुप्ता, आद्रि का ओबेरॉय, आशीष कुमार नागर, नितिन गुप्ता, चंपालाल परिहार, अश्विन श्रीवास्तव, हंसराज शर्मा, संजय जैन, सलमान अंसारी, फैजान, विपिन यादव, अशफाक खान आदि सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

# बैतूल में भी किसानों का 25 लख रुपए का लेकर भागा व्यापारी

इंदौर। पिछले 4 साल से मध्य प्रदेश के विभिन्न मंडियों में किसानों का माल खरीद कर व्यापारियों के भाग जाने और भुगतान न करने की घटनाओं पर कोई रोक नहीं लग रही है मध्य प्रदेश की अधिकांश मंडियों में यह सिलसिला चल रहा है लेकिन मंडी अधिकारी अभी भी लापरवाह बने हुए हैं।



गेहूं खरीद कर व्यापारी 25 लख रुपए लेकर बैतूल मंडी की रजिस्टर्ड फॉर्म श्री हरि ट्रेडर्स 2023 से गायब है । किसान अपने पैसे के लिए साल भर से ज्यादा समय से मंडी समिति और कलेक्टर कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, बावजूद इसके उनके भुगतान की कोई व्यवस्था नहीं हो रही है।

भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के रामस्वरूप मंत्री बबलू जाधव शैलेंद्र पटेल और चंदन सिंह बड़वाया ने बताया कि इससे पहले इंदौर, देवास, कुक्षी, सनावद सहित कई मंडियों में ऐसी घटनाएं हो गई है और करोड़ों रुपया किसानों का व्यापारी लेकर भाग चुके हैं मंडी समिति की जिम्मेदारी है कि किसने की जो भी उपज बीके उसका भुगतान व्यापारी से कराया जाए । लेकिन अभी तक इन घटनाओं को रोकने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

किसान संगठनों ने कई ज्ञापन देकर मंडी बोर्ड, मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मांग की है कि किसानों को फसल का दाम तत्काल दिलाया जाए । लेकिन अधिकारियों शासन और प्रशासन के कानों पर जूं भी नहीं रेंग रही है। किसानों को 2 लाख तक का नगद भुगतान तत्काल किए जाने का नियम भी है लेकिन अधिकांश मंडियों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है।

## डॉ विश्वनाथ कराड विश्व शांति गुरुकुल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



इंदौर। डॉ विश्वनाथ कराड विश्व शांति गुरुकुल में मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला खेल युवा कल्याण विभाग इंदौर की खेल अधिकारी श्रीमती रीना चौहान थी। कार्यक्रम के दौरान मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पण करते हुए विद्यार्थियों द्वारा समूह गान नृत्य की प्रस्तुति दी गई व मेजर ध्यानचंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया । रोलबॉल, तलवारबाजी, कलारिपट्टू, स्केटिंग, जिम्नास्टिक की कला का प्रदर्शन करने के साथ ही बास्केटबॉल व फुटबॉल के इंटर हाउस प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ किया गया । श्रीमती रीना जी ने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताया व उनका उत्साहवर्धन किआ। मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए प्राचार्य श्री रूद्रेंद्र बसाक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बच्चों एवं स्कूल खेल और प्रदर्शन कला शिक्षकों की सराहना की।

## पासपोर्ट बनवाने वाले सावधान! आज से नहीं होगा ऑनलाइन पासपोर्ट पोर्टल पर काम



इंदौर। ऑनलाइन पासपोर्ट पोर्टल पर पांच दिनों तक काम नहीं होगा। पासपोर्ट सेवा पोर्टल में तकनीकी रखरखाव के कारण, पोर्टल 29 अगस्त की रात 8 बजे से 2 सितंबर की सुबह 6 बजे तक पूरी तरह बंद किया जा रहा है। इसके चलते इस दौरान न तो नए आवेदन किए जा सकेंगे और न ही पहले से बुक किए गए अपॉइंटमेंट्स ही होंगे।

30 अगस्त से 2 सितंबर के बीच जिन आवेदकों के अपॉइंटमेंट्स हैं, उन्हें नए सिरे से अपॉइंटमेंट लेना होगा। सर्विस बंद होने का असर पासपोर्ट सेवा केंद्र के साथ-साथ लोकल पासपोर्ट ऑफिस और विदेश मंत्रालय पर पड़ेगा। पासपोर्ट सेवा पोर्टल ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम तकनीकी रखरखाव के लिए उठाया जा रहा है। इस दौरान देशभर के सभी पासपोर्ट सेवा केंद्र, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और विदेश मंत्रालय में पासपोर्ट सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

पासपोर्ट सेवा पोर्टल ने आश्वासन दिया है कि सभी आवेदकों के अपॉइंटमेंट्स को नए सिरे से तय किया जाएगा और उन्हें सूचित किया जाएगा। पासपोर्ट सेवा पोर्टल ने सभी नागरिकों को सूचित किया है कि पोर्टल 29 अगस्त (गुरुवार) रात 8 बजे से 2 सितंबर, (सोमवार) सुबह 6 बजे तक तकनीकी के चलते बंद किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान नागरिकों और संबंधित अधिकारियों के लिए पोर्टल उपलब्ध नहीं होगा।

# अखिल भारतीय वाल्मिकी समाज विकास परिषद् ने कलाकारों को किया पुरस्कृत

गजानंद सुनहरे

इंदौर। अखिल भारतीय वाल्मिकी समाज विकास परिषद् द्वारा वीरगोगादेव प्रकोटत्सव अवसर पर राजवाड़ा जनता चौक पर प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी मंच के माध्यम से वाल्मीकि समाज के कलाकारों को सम्मानित और पुरस्कृत किया।



इस अवसर पर पटेल, चौधरी, भगत और समाज के सम्मानित जनों का अभिवादन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंचासीन अखिल भारतीय वाल्मिकी समाज विकास परिषद् के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह लोट ने की।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में विधायक गोलू शुक्ला, संजय होलकर सहित कई समाज के कई गणमान्य और सम्मानित जन उपस्थित थे।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी इंदौर शहर में वीरगोगादेव प्रकोटत्सव का 79 वा वार्षिक हर्षोऊल्लास धूमधाम से मनाया गया।

इंदौर शहर वाल्मिकी पंचायत अखिल भारतीय वाल्मिकी समाज विकास परिषद् की और से गठित वीर गोगादेव प्रकोटतसव समिति के सचिव व पंचायत अध्यक्ष राहुल राठौर, रवि बिलरवान ने अपनी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया की इस अवसर पर राजवाड़ा जनता चौक कैलाश विजय रेडियो के सामने स्वागत मंच लगाकर वाल्मिकी कलाकारों का सम्मान व प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के शाखा अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह लोट ने की विशेष अतिथि, विधायक गोलू शुक्ला, संजय जी होलकर, शरद जी पवार।

कार्यक्रम का संचालन, रवि मामा सुनहरे, विरेंद्र सिंह, शुभम वर्मा, कुलदीप जाटव ने किया। कार्यक्रम का समापन श्रीमती भावना राठौर, श्रीमती वर्षा बिलरवान और श्री कुमारी निर्मला लोट ने किया।

# दो काउंसलिंग के बाद पिता, पुत्र के बीच में बनी सहमति

इंदौर (मनीष शर्मा)। सीनियर सिटीजन की समस्याओं के समाधान के लिए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत का संचालन किया जा रहा है।



जिसमे पुलिस उपायुक्त जगदीश डावर के निर्देशन में वरिष्ठजनों की प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए प्रत्येक बुधवार को काउंसलिंग कर, बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत के काउंसलर सदस्यों डॉक्टर आर.डी. यादव, पुरुषोत्तम यादव, रमेश शर्मा, सन्नी मोदी, संजय शर्मा की कॉउंसलिंग टीम को कुछ प्रकरण प्राप्त हुए, प्रकरणों में से तीन का निराकरण हुआ तथा शेष में सुनवाई कर आगे की तारीख सुनिश्चित हुई। आजाद नगर थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत 60 वर्षीय वृद्ध मां ने कहा कि बेटा और बहू दोनों अलग-अलग हो गए हैं । बहू ससुराल चली गई बेटा कहीं चला गया है। इस पर टीम ने बेटे और बहू दोनों को बुलाकर जानकारी प्राप्त की गई तो बहु का आरोप था कि मेरे पति के किसी अन्य महिला के साथ चले गए थे ,तो मैं यहां क्यों रहूं, इसी बात पर विवाद हुआ था।

पुलिस पंचायत के द्वारा दोनों की काउंसलिंग की और काफी विचार विमर्श एवं समझाइश के पश्चात बेटे और बहू दोनों साथ-साथ रहने की बात पर तैयार हो गए, और वृद्ध मां के साथ में खुशी-खुशी विदा ली।

एक अन्य प्रकरण में थाना एरोड्रम क्षेत्रान्तर्गत निवासी रिटायर्ड कांस्टेबल (पुलिस विभाग से) के मकान पर बेटे बहू ने प्रथम मंजिल पर कब्जा कर किसी को किराए पर दे दिया है । किराया बेटे बहू के द्वारा लिया जाता है, और उन्हें निकाल दिया गया है। रिटायर्ड कांस्टेबल किराए के घर मे रह रहे हैं।

आज पुलिस पंचायत में बहू के साथ और कई रिश्तेदार इकट्ठे हुए काउंसलिंग के पश्चात में, पंचायत में प्रस्तावित किया कि वृद्ध व्यक्ति की सहमति पर, किराएदार से किराया बहू अपने ससुर को दिलवायगी या फिर वह स्वयं खाली करवा कर उन्हें रहने के लिए देंगे।

कांस्टेबल के द्वारा और उनकी पत्नी के द्वारा कहा गया है कि हम स्वयं वहां पर निवास करेंगे इस पर सहमति बनी। वही एक अन्य प्रकरण में परदेसीपुरा थाना अंतर्गत रहने वाले 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति के द्वारा शिकायत की गई बेटे-बहू परेशान करते है, पोता पोती से मिलने नहीं दिया जाता है और बेटा कभी हमारी पूछ परख नहीं करता है, ना हमसे मिलता है ना हमारे भरण पोषण पर ध्यान देता है। पुलिस पंचायत में लगातार दो काउंसलिंग के पश्चात पुत्र, पिता के बीच में सहमति बनी और बच्चों को मिलने दिया जाकर उन पर वह ध्यान भी देगा इस बात पर सहमति बनी।

## मांधाता क्षेत्र के व्यापारियों की कंट्रोल रूम में एसडीएम ने ली बैठक



**ओंकारेश्वर** । ज्योतिर्लिंग ओकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं मिल सके उसको लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीएम (आईएएस) शिवम प्रजापति ने व्यापारियों की ली बैठक मे व्यापारियों की ओर से गजेंद्र अग्रवाल ने प्रतिनिधित्व किया थाना मान्धाता कंट्रोल रूम में एसडीएम शिवम प्रजापति ने कलेक्टर के निर्देशन में व्यपारियों की बैठक लेकर सुझाव लिए एवं उनको 2 दिन का समय व्यवस्थाओं को समझने के लिए लिया व्यापारी संगठन की ओर सेगजेंद्र अग्रवाल ने प्रतिनिधित्व किया एसडीएम शिवम प्रजापति ने कहा आने वाले श्रद्धालु की सुविधा के लिए मांधाता क्षेत्र में मांधाता श्रद्धालुओं को लाइनों में लगकर घंटो बाद ज्योतिर्लिंग के दर्शन करना पड़ते हैं इसको लेकर प्रशासन व्यवस्था करना चाहता है व्यापारीयों की बैठक ली है प्रशासन से 2 दिन का समय मांगा है जिसको लेकर कलेक्टर को बता दिया गया है उनके निर्देशन में आगामी कार्रवाई होगी

## नयी सब्जी मंडी में किसानों की सब्जी बोलीं लगा कर बेचते हैं आढ़तिया

**खंडवा** । खंडवा एक ऐसा शहर है जहां लोगों द्वारा अपनी आमदनी देख कर नियम कानून बना लिया जाता है। एक और पुरानी सब्जी मंडी बरसात के मौसम में किचड़ से सराबोर हो जाती है। दुसरी ओर सब्जी मंडी पुरानी हो या नई पूंजीवादी व्यवस्था हर जगह हाबी है। दुकान एवं चबूतरों पर पूंजीपति थोक व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। नयी सब्जी में फैली अव्यवस्था को देखकर जिला शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने रोष जताते हुए कहा कि यहा फैली अव्यवस्थाओं को देखकर तो शायद यही लगता है कि किसे कितना जगह आवंटित है। यह कोई निर्धारण नहीं है दुकानों के सामने फुटकर विक्रेता किराए पर सड़क पर दुकान लगाते हैं। जिससें आवागमन पूरी तरह से प्रभावित रहता है। सड़क पर फुटकर विक्रेता इस तरह फैले रहते हैं कि कोई व्यक्ति अपनी साइकिल तक नहीं खड़ा कर सकता। आना जाना मुश्किल रहता है किसी ने कही अपनी मोटरसाइकिल, स्कूटर खडी कर दिया तो दुकानदार झगड़ा करने लगते हैं, इस तरह की अव्यवस्थाओं को जिला मंडी प्रशासन, नगर निगम अमला सुधारने की कभी जरूरत नहीं समझते, कभी भी उड़नदस्ता टीम सब्जी मंडी नहीं जाते, सबसे बड़ा आश्चर्य होता है जो किसान अपनी फसल बेचने आते हैं उन्हें जगह देने के नाम पर आढ़तियों की गुडंई चलतीं है मनमाने दाम पर किसानों की सब्जी बोलीं लगा कर कमीशन खोरी करने तथा आम ग्राहकों से गुडंई पूर्वक बरताव करना आम बात है। कलेक्टर खंडवा इस ओर ध्यान दें ताकि सब्जी मंडी रोड की सड़क आम आदमी को चलने एवं आने जाने के लिए खाली कराई जाय।

## सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने रेल बोर्ड के अधिकारीयों से मुलाकात की



**खंडवा** । खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने रेल भवन नई दिल्ली पहुंचकर रेल अधिकारीयों से मुलाकात की इसमें उन्होंने खंडवा बुरहानपुर के रेलवे विषयों को रखा।इस मौके पर सेंट्रल रेलवे के जीएम आर के यादव भी वहा मौजूद थे। रेल समिति पूर्व सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने गुरुवार दोपहर को रेल भवन में रेल बोर्ड के अधिकारियों से मुलाकात की साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निज सचिव विकास जैन से विस्तृत चर्चा कर खंडवा बुरहानपुर की मांगो पर संबंधित विभाग और अधिकारीयों को शीघ्रता से करवाई करने के लिए कहा। इसको लेकर आधा घंटे तक चर्चा चली। श्री जैन ने सांसद पाटिल की मांगो पर संबंधित अधिकारीयों को फोन लगाकर निर्देशित भी किया। मुलाकात में खंडवा सनावद मेमू ट्रेन के फेरे बढ़ाने ,इसका किराया कम करने ,नाशिक से खंडवा सनावद तक नई मेमू ट्रेन चलाने ,खंडवा यार्ड में वाशिंग पिट लाइन की स्वीकृति जारी करने तथा बुरहानपुर में गोवा सहित अन्य ट्रेनों के ठहराव सहित चर्चा में अधिकारियो द्वारा शीघ्र कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया है। इस मौके पर सेंट्रल रेलवे के जीएम यादव भी वहा मौजूद थे सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की जीएम यादव से भी चर्चा हुई उन्होंने भी मुंबई पहुंचकर करवाई करने का आश्वाशन दिया.

## भजन संध्या का हुआ आयोजन, सु मधुर भजनों की हुई प्रस्तुति



**महेश्वर।** नगर के महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रोता गण शामिल हुए। इस अवसर पर खरगोन की नवोदित गायिका ऋषिका निहाले के स्वर में रेकार्ड कान्हा की मुस्कान में जादू भजन का लोकार्पण हुआ। इस भजन को गीतकार हरीश दुबे ने लिखा है संगीत से सजाया है मनावर के संगीतकार अंकित शर्मा ने। अतिथि शिक्षाविद् पी.के. गुप्ता, मंदिर संस्थान के आशीष मेहता,अखिल निमाड़ लोक परिषद् के नगर संयोजक विजय जोशी शीतांशु ने भजन की प्रस्तुति की प्रशंसा की। इस अवसर पर भजन गायक मनीष वासुरे और गायिका ऋषिका निहाले ने इस अवसर पर अनिलोप की सदस्यता भी ग्रहण की।

# चोरी के आरोपयों की जानकारी देने वालों के लिए 10,000 रु. ईनाम घोषित

### पुलिस अधीक्षक द्वारा चार मोटर साइकिल चोरी के फरार आरोपियों के लिए की गई

**खंडवा।**

पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा जिले मे हो रही मोटर साइकिल की चोरियों मे अंकुश लगाने के लिये मोटर साइकिल चोरी करने वाले आरोपियों की गिरफ़्तारी हेतु सूचना देने वाले अथवा गिरफ्तार करने वाले व्यक्ति के लिए ईनाम की उद्घोषणा की गई है।


थाना कोतवाली मे फरियादी रितेश पिता शांति लाल प्रजापति उम्र 32 साल निवासी गुरुवा गली बॉम्बे बाजार खंडवा के होंडा कंपनी की शाइन मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 12 एमएक्स 9408 की चोरी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 496/24 धारा 303(2) ब्नहस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिसमे आरोपी बंटी पिता अशोक निवासी भगवानपुरा थाना पिपलोद जिला खण्डवा एवं तरूण पिता कैलाश मालवीय निवासी साईलिया खेडा थाना हरसूद जिला खण्डवा फरार है।

थाना कोतवाली मे फरियादी मोहम्मद जुनेद पिता अब्दुल मजीद उम्र 25 साल निवासी कहारवाडी थाना कोतवाली खंडवा के हीरो स्पेन्डर मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 12 एन 2028 की चोरी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 506/24 धारा 303(2) ब्नहस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिसमे आरोपी सोनू पिता मोहनलाल निवासी जिला हरदा (म.प्र.) फरार है।

थाना कोतवाली मे फरियादी रितेश पिता महेश पाल निवासी सिहाड़ा थाना मोघट रोड खंडवा के हीरो आई स्मार्ट मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 12 एमपी 8714 की चोरी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 459/24 धारा 303(2) ब्नहस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिसमे आरोपी अभिषेक पिता महेश विश्नोई निवासी जालवा, जिला हरदा (म.प्र.) फरार है। पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा उपरोक्त प्रत्येक फरार आरोपियों की गिरफ़्तारी कराने हेतु सूचना देने वाले अथवा गिरफ्तार करने वाले व्यक्ति के लिए 10,000/-रुपये की उद्घोषित राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। फोटो एसपी साहब की

# मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस खेल दिवस के रूप में मनाया गया

### जनजातीय कार्य विभाग के विद्यालयों में उत्साह पूर्वक मनाया खेल दिवस



**खरगोन।** 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जनजातीय कार्य विभाग के विद्यालयों में खेल दिवस उत्सवपूर्वक मनाया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में खेल दिवस के महत्व के बारे में बताया गया एवं खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु प्रयास किया गया। इस अवसर पर शासकीय आदर्श आवासीय विद्यालय खरगोन में प्राचार्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री अश्विन गुप्ता के मुख्य अतिथि में एवं श्री योगेश बाघ के विशेष अतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में श्री अश्विन गुप्ता ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिक कारण बताते हुए कहा कि खेलों से खून का संचार बढ़ता है एवं उसे मस्तिष्क की कोशिकाएं विकसित होती है। यही कारण है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क होना बताया जाता है।

### जनजातीय कार्य विभाग की उपलब्धियां

जिला कीड़ा अधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि सत्र 2023-24 में जनजातीय कार्य विभाग ने उच्च स्तर की उपलब्धियां कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं सहायक आयुक्त श्री प्रशांत आर्य के मार्गदर्शन एवं विभागीय व्यायाम शिक्षकों की मेहनत से प्राप्त की है। गत वर्ष 213 छात्र-छात्राएं विभागीय राज्य, 123 छात्र-छात्राएं शालेय राज्य एवं 09 छात्र-छात्राओं ने मध्य प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय स्तर और एकलव्य विद्यालय की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 07 ने जिले का नाम गौरान्वित किया है। इस वर्ष भी सहायक आयुक्त श्री प्रशांत आर्य के मार्गदर्शन में जिले में खेल उपलब्धियां को उच्च स्तर पर पहुंचाने हेतु कार्य योजना तैयार की गई है एवं प्रदेश में पहली बार सभी संस्थाओं में प्रत्येक कक्षा हेतु पृथक से खेल पीरियड लगाया जा रहा है। साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से निगरानी भी की जा रही है। विभाग के विद्यालयों में मुख्यतः टेमला से बेसबॉल, काकड़ादा से नेट बॉल, डॉस बॉल, थ्रो बॉल, बमनाला से रोा स्किपिंग, महेश्वर व मंडलेश्वर से वॉलीबॉल, सेगांव से खो-खो, अहीरखेड़ा से कबड्डी आदि विधाओं में अब तक लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त किए हैं।

### कुश्ती में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड

जिले के आदिवासी क्षेत्र झिरन्या ब्लॉक के चिरिया के एक छात्र एवं एक छात्रा ने शालेय राज्य प्रतियोगिता में गोल्ड जीता एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान प्राप्त किया है।साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता देहली में भी गोल्ड जिला है साथ ही झिरन्या उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने खेल गुरु श्री मुर्सलीन शेख के पैर दुर्घटना में कटने पर भी अपने गुरु के चरणों में गोल्ड मेडल जीत कर समर्पित किया है।

# नन्हेंश्वर धाम में पुलिस प्रशासन द्वारा बैठक आयोजित



**भगवानपुरा।** आगामी श्रावण मास को लेकर मंगलवार को नन्हेंश्वर धाम में पुलिस प्रशासन द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंदिर समिति से जुड़े सदस्य एवम शिवभक्त शामिल हुए। थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह लोवंशी ने नन्हेंश्वर धाम में श्रावण माह के दौरान होने वाले कार्यक्रमों एवम अन्य स्थानों से आने वाली कावड़ यात्राओं के बारे में जानकारी ली। लोवंशी ने कहा कुंड में श्रद्धालुओं के साथ स्नान के दौरान कोई हादसा न हो इसके लिए खरगौन से एनडीआरएफ के दो जवान तैनात रहेंगे इसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। साथ ही दो पुलिसकर्मी भी श्रावण माह के प्रत्येक सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। पूज्य श्री हरिओम बाबाजी ने कहा कि श्रावण माह में सवा महीने तक ? नमः शिवाय का जाप चलेगा इसका नवमी पर समापन होगा। वहीं कावड़ यात्राओं में आए डीजे नन्हेंश्वर धाम में प्रतिबंधित रहेंगे। सभी शिवभक्त स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। फिलहाल मंदिर परिसर में सावन मास को देखते हुए बाबाजी के मार्गदर्शन में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। वहीं मंदिर समिति से जुड़े विजय पाटील ने बताया कि नन्हेंश्वर धाम में श्रावण माह में महाराष्ट्र गुजरात राजस्थान सहित प्रदेश के अन्य शहरों से भी शिवभक्त बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आते हैं। इस बार शिवभक्तों की तादाद और अधिक बढ़ेगी। बैठक में नायब तहसीलदार पुनिया परमार आरआई मैडम रमेश राठौड़ ब्लॉक समन्वयक महेश कुमार खराड़े सुभाष बघेल कान्हा जायसवाल अनिल जमरे राजेश मोदी आरक्षक रोहित पटेल आदि मोजूद थे।

## हब के 11 वें सप्ताह में रोजगार मेले का आयोजन

**रतलाम** । जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय तथा ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला महिला एवं बाल विकास के सहयोग से गुरुवार को शासकीय आईटीआई, सज्जन मिल के सामने सैलाना रोड पर आयोजित जिला स्तरीय रोजगार मेले में कुल 16 कंपनियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की रोजगार प्राप्त करने के लिए कुल 285 आवेदको ने अपना पंजीयन किया, जिसमें से कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंडो के आधार पर एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल- 156 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया द्य उपरोक्त 16 कंपनियों में से टाइगर सिक्योरिटी, रतलाम द्वारा- 4, स्काई इंटरप्राइजेज इंदौर द्वारा-4, जस्ट डायल इंदौर द्वारा-9 , जील फैशन वियर प्राइवेट लि. बदनावर जिला धार द्वारा-3, मित्तल coin प्रा.लि.पीथमपुर द्वारा- 4, जी.आर.इंडस्ट्रीज, रतलाम द्वारा-5, माही ग्रुप आफ एजुकेशन बांसवाड़ा द्वारा-8, युवाशक्ति फाउंडेशन इंदौर द्वारा-28, पटेल मोटर्स रतलाम द्वारा-4, Indian institute of skill Development Pvt Ltd Gurugaon द्वारा-13, भारतीय जीवन बीमा निगम क्रमांक सी ए बी, रतलाम द्वारा-8, सन्तोष इंटरप्राइजेस रतलाम द्वारा-3, रियल एप्पल कंसल्टेंसी रतलाम द्वारा-3, माँ नर्मदा शिक्षा प्रसार समिति रतलाम द्वारा- 30, पूनम इंडस्ट्री रतलाम द्वारा-5, नवभारत फर्टिलाइजर्स इंदौर द्वारा-25 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जिला रतलाम द्वारा-5 तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था आरसेटी जिला रतलाम द्वारा-6 Trainees का चयन किया गया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर सीएम राइज टेमला में खेल गतिविधियों का हुआ आयोजन

**खरगोन।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जयंती के अवसर पर 29 अगसत राष्ट्रीय खेल दिवस पर सीएम राइज विद्यालय टेमला में विभिन्न खेल गतिविधियों का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर सीएम राइज़ विद्यालय टेमला के प्राचार्य श्री अशोक सिंह पवार द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किए। उन्होंने उद्बोधन में ध्यानचंद जी से कार्य के प्रति लगन की सीख लेने की बात पर प्रकाश डाला। जिस प्रकार ध्यानचंद जी द्वारा अपने खेल को पूर्ण समर्पण भाव से, लगन और मेहनत से विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और हाकी को स्थान दिलाया। हमें भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में पूर्ण समर्पण और लगन लगाकर कार्य करना चाहिए।

विद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री दीपक वाघ ने मेजर ध्यानचंद के जीवन वृत एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में कक्षावार खो-खो एवं क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई।



इंटरमीडिएट में गत्विक मेहता और बिगनर ग्रुप में अर्जुन मंडलाई बने चैम्पियन— जिला स्तरीय टेनिस टूर्नामेंट में पांच दिन में हुए 72 मैच

# खेल और युवा कल्याण विभाग व अचीव टेनिस डेवलपमेंट सोसायटी का खेल दिवस पर आयोजन

**खंडवा।** पांच दिनों से निमाड़ टेनिस कोर्ट पर चल रहे जिला स्तरीय टेनिस टूर्नामेंट में 72 मैच खेले गए। दो वर्गों में आयोजित टूर्नामेंट के इंटरमीडिएट में गत्विक मेहता और बिगनर ग्रुप में अर्जुन मंडलाई बने चैम्पियन।



अंतिम दिन टेनिस कोर्ट पर खिलाड़ियों में उत्साह चरम पर था। अंतिम दिन सभी मैच बेहद रोमांचक रहे और अंतिम परिणाम आशा के विपरीत आए। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में खेल और युवा कल्याण विभाग एवं अचीव टेनिस डेवलप सोसायटी (एटीडीएस) द्वारा पाँच दिवसीय टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट के इंटरमीडिएट में 36 और बिगनर वर्ग में 36 मैच मैच खेले गए। अंतिम दिन निर्णायक 12 मैच खेले गए। खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला प्रशिक्षक (एनआईएस) अमीन अहमद ने बताया टूर्नामेंट दिनांक 25 से 29 अगस्त 2024 के बीच निमाड़ क्लब स्थित टेनिस कोर्ट पर आयोजित किया गया। लीग आधारित प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया। इस आयोजन में बतौर अतिथि कांग्रेस नेता सुनील सकरगाए, एटीडीएस अध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी, गायक और उदघोषक प्रफुल्ल मंडलोई, शुरूआत सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था की अध्यक्ष शबीना सिद्दीकी और सुशील सोनी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आसिफ सिद्दीकी ने किया। कोच अमीन अहमद ने बताया कि इंटरमीडिएट ग्रुप में प्रथम गत्विक मेहता, द्वितीय यथार्थ यादव एवं तृतीय स्थान पर दक्ष पगारे रहे। जबकि बिगनर ग्रुप में प्रथम अर्जुन मंडलाई, द्वितीय आराध्या कुंवर देवड़ा एवं तृतीय स्थान पर वंश खिची रहे। इसके अलावा प्रतियोगिता में 18 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन किया।

# भगवान आईने के समान है जैसी हमारी मनस्थिति होगी वैसे ही गुण हम भगवान से प्राप्त कर सकते हैं : मुनि श्री विनत सागर

### मुनि संघ के सानिध्य में 8 सितंबर से मनाया जाएगा पर्युषण महापर्व

**खंडवा।**

मिथ्यात्व उतना कलुष नहीं परंतु जब मिथ्यात्व के साथ कषाय उपस्थित हो जाये तो उसे कोई नही मिटा सकता, मिथ्यात्व वाला जीव सम्यकद्रष्टि हो सकता है परंतु कषाय सहित नही।

अन्य क्षेत्रों में किये गये पापों की निर्जरा करने हम धर्म क्षेत्रों मे जाते हैं,परंतु जो जाने अनजाने मान,कषाय धर्म क्षेत्रों में कर लेते हैं उनकी निर्जरा नही हो सकती, भगवान आईने के समान हैं जैसी हमारी मनस्थिती होगी वैसे ही गुण हम भगवान से प्राप्त कर सकते हैं, अकसर हम भगवान के पास जाकर भी सिर्फ खडे रह जाते ,कुछ भी प्राप्त नही कर पाते क्योंकि प्रार्थना के साथ हम अपने अवगुणों को मिटा नही पाते, यह उदगार जैन धर्मशाला में आयोजित भक्तांबर शिविर मैं प्रवचन देते हुए मुनि श्री विनत सागर जी महाराज ने व्यक्त किये, मुनि श्री ने कहा कि हम मनोविकार,मनोरंजन और आत्मरंजन के अर्थ और स्वरुप को जब तक नही समझेंगे और आगम के सिद्धांत को नही मानेंगे तब तक हमारी विशुद्धि नही हो सकेगी, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि बुधवार को पूज्य गुरुदेव ने अविरत चल रहे अडतालीस दिवसीय भक्तामर शिविर के अट्ठाईसवें श्लोक का भावार्थ बताते हुये उपरोक्त सूत्र वाक्य साधर्मी बंधुओं के समक्ष उच्चारण किये , विदित होवे 8 सितंबर से दिगंबर जैन धर्म का सर्वोच्च पर्व पर्युषण प्रारंभ होने जा रहे है,इस अवधि में एक आकर्षक पूजन शिविर पूज्य मुनिसंघ के सानिध्य में आयोजित किया गया है इस संगीतमय विधान में पर्व पूजन,अभिषेक,धारा,प्रवचन, स्वाध्याय सभी कुछ का आनंद हो सकेगा ! आकर्षक वेशभूषा में संगीतमय आरती, सांस्क्रतिक कार्यक्रम सभी आनंद शिविर के दौरान सभी साधर्मी ले सकेंगे, मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु जैन ने बताया कि 8 सितंबर से प्रारंभ पर्यूषण पर्व मुनि संघ के सानिध्य में धार्मिक उत्सव के साथ मनाया जाएगा,शिविर में मांगलिक क्रियाओं, प्रथम अभिषेक,सायंकालीन आरती सौधर्म इंद्र के रूप में पुण्यशाली पात्रों द्वारा किया जायेगा,अब तक श्रीमती किरण विनोद डोसी, प्रकाशचंद बडजात्या, सुरेशजी मीना जैंन, कैलाशचंद्र जसवंतीजी जैन , चिंतामण आनंद -मनीष जैन की पुण्यार्जकों के रुप मे सहमति प्राप्त हुई है , अन्य सहयोगी साधर्मी बंधु शीघ्र ही अपने नाम समिती को सूचित कर देवे,सभी पुण्यार्जकों द्वारा मुनिसंघ के समकक्ष श्रीफल भेंटकर शिविर हेतु आशीष प्राप्त किया.



## सार-समाचार

### बलेनो कार एवं बाइक मे भिड़ंत-बाइक सवार घायल



**खंडवा/ मुंदी।** गुरुवार को मुंदी पुनासा हाईवे पर भदलीखेड़ा के पास बलेनो कार एवं बाइक कि भिड़ंत हो गई जिसमे बाइक सवार घायल हो गया। भिड़ंत इतनी जोरदार थी की बाइक के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना करीब 1बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार पुनासा से मुंदी की और आ रहा था इसी दौरान मुंदी की और सामने से आ रही बलेनो(क्रमांक युपी 79 वाय 9425)कार के बीच मे भड़लीखेड़ा के पास भिड़ंत हो गई जिसमे बाइक सवार घायल हो गया जिसे समाजसेवी दिग्गविजय सिंह तोमर उर्फ़ संट्टू दादा एवं स्थानीय लोगो की मदद से पुनासा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुनासा चौकी प्रभारी हुकुम चंद चौधरी ने बताया कि घायल को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। उसके कोई परिजनों से संपर्क नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि चार पहिया वाहन चालक यूपी के औरैया जिले के रहने वाले है जो वर्तमान मे मूंदी में किराए से रहते हैं। गाँव-गाँव गैस के चूल्हे बेचते हैं कार में कुल 5 लोग बैठे थे मूंदी से पचोर जा रहे थे। चालक योगेश ने बताया कि बाइक सवार उल्टी साइड वाहन चला रहा था।

### मेजर ध्यानचंद जयंती पर हुआ राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**खंडवा।।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणगांव में मेजर ध्यानचंद जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक सत्यनारायण चौहान ने विधार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद हमारे देश का गौरव एवं खिलाड़ियों के लिए मिसाल थे, तीन बार ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता टीम में वे शामिल रहे, खेल भावना से आपस में एकरूपता का माहौल तैयार होता है। शिक्षक श्री आनंद सावनेर ने राष्ट्रीय खेल हॉकी का महत्व बताया। पालक एवं अभिभावकों ने ग्राम पंचायत के माध्यम से खेलों को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में सहयोग करने को कहा। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ शिक्षक संजू मंडलोई एवं श्रीमती शिखा मालवीय उपस्थिति रही।

### लोकप्रिय गायक मुकेश की पुण्यतिथि मनाई



**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा मुकेश के पुण्यतिथि के अवसर पर गीत एवं संगीतमय कार्यक्रम हुआ हुआ जिसमें गायको ने मुकेश के सभी स्टाइल के गाने गाकर उन्हें सुरमई श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, गायक सुनील सोमानी, संजय मुदि राज, विजया द्विवेदी, राजेश खांडे, लख्मीचंद, मनोज मगरे, मुकेश गांव शिंदे, कैलाश शर्मा, दिलीप गंगराड़े, अशोक परवानी, अर्जुन बुंदेला, के अलावा सुरेंद्र गीते, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, ललित चौरे, देवेंद्र जैन, योगेश भावसार, सुभाष मीणा आदि मौजूद थे।

### भारतीय कांग्रेस कमेटी ने कसरावद के विधायक सचिन यादव को गुरुग्राम (गुड़गांव) लोकसभा क्षेत्र का बनाया पर्यवेक्षक

**खण्डवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली ने कसरावद के युवा विधायक और मप्र के कृषि मंत्री रहे सचिन यादव को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, श्री यादव पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री एवं खंडवा लोकसभा के पूर्व सांसद अरुण यादव के छोटे भाई और मप्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव के सुपुत्र है । सचिन यादव को दी गई इस जिम्मेदारी से मप्र के पिछड़ा वर्ग समाज मे हर्ष व्याप्त है । जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि निमाड़ अंचल के कांग्रेस नेताओं ने भी सचिन यादव को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाने पर खुशी जाहिर करते हुए कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त किया है । सचिन यादव ने गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त होने पर श्रीमती सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, संगठन मंत्री केसी वेणुगोपाल और हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया के प्रति आभार व्यक्त किया है श्री यादव ने कहा मैं जल्द ही गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में पहुंचकर सभी नौ विधानसभा सीटों बावल, रेवाड़ी, पटौदी, बादशाहपुर, गुड़गांव, सोहना, नूंह, फिरोजपुर झिरका और पुनहाना का दौरा कर मैदानी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करूंगा । हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में गुरुग्राम के सभी 9 विधानसभा सीटों में कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताने का प्रमुख लक्ष्य है । हम सभी विधानसभा सीटों पर भारी बहुमत के साथ विजय होंगे, श्री यादव ने दावा किया कि हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बहुमत के साथ विजय होगी और हरियाणा में एक मजबूत जनहितैषी सरकार बनेगी ।

### खंडवा के टेंट व्यवसायी बालू फूलमाली का निधन

**खंडवा।** खंडवा टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा माझी मछुआ समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवंम राहुल टेंट के संचालक श्री बलराम ÷बालू÷ फूलमाली आयु 64 वर्ष का आज अल्प अस्वस्थता के कारण निधन हो गया स्थानीय हरिश्चंद्र मुक्तिधाम पर मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र राहुल फूलमाली ने दी। माझी मछुआ समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं मछुआ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री सदाशिव भंवरिया ने इस अवसर पर आयोजित शोकसभा को संबोधित करते हुए अंतिम संस्कार में आए शोकाकुलजनो के साथ दिवंगत श्री फुलमाली को श्रद्धांजलि दी म. प्र. टेंट एसोसिएशन प्रदेश महासचिव सतनाम सिंह होरा मछुआ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल फूलमाली माझी मछुआ समाज के भोलू वर्मा पंढरी जगताप गन्नू वर्मा राकेश वर्मा महेश जगताप राजू नागनपुरे प्रल्हाद फूलमाली अजय वर्मा कैलाश फूलमाली सहित नगर के अनेक टेंट व्यवसायीगण उपस्थित थे। फोटो -मृतक बालू भाई चस्मा पहने

# खंडवा में किसानों को धोखाधड़ी से बचने के लिए मंडी समिति ने शुरु किया कृषक हितैषी रथ

## कृषक अपनी उपज मंडी में ही बेचे या फिर मण्डी के रजिस्टर अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को ही विकय करे

**खंडवा।**

**किसानों को फ्रॉड से बचने के लिए मंडी समिति ने एक अनोखा अभियान चलाया है जिसका नाम कृषक हितैषी रथ रखा गया है,ये किसान रथ गांव गांव जाकर किसानों को जागरुक कर रहा है।**



समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस रथ में मंडी के अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं जो किसानों को समझाइए दे रहे हैं कि अपनी उपज मंडी में ही आकर बेचे मंडी में दो लाख रुपए तक का नगद भगतान किया जाता इससे ज्यादा पेमेंट आरटीजीएस के माध्यम से किया जाता है जिसकी निगरानी खुद मंडी के अधिकारी खुद करते हैं। साथ ही

लाइसेंस धारी व्यापारी से ही अपनी उपज का खरीदना बेचना करे। ये रथ खंडवा कृषि उपज मण्डी समिति खण्डवा के क्षेत्रों में लगातार कई दिनों तक कृषकों को सावधान, सजग, जागरूक एवं आर्थिक जोखिम से बचाने के लिये कृषक हितेषी रथ विभिन्न ग्रामों व पंचायतों में प्रचार-प्रसार हेतु भेजा जा रहा है। जिसका प्रचार प्रसार, लाउडस्पीकर व पंम्पलेट के माध्यम से किया जा रहा है, सुनील जैन ने बताया कि इस रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें किसानों को बताया जा रहा है कि कृषक बंधु अपनी कृषि उपज मंडी प्रागंण में ही विकय करें, मण्डी प्रागंण के बाहर केवल मण्डी के रजिस्टर (अनुज्ञप्तिधारी) व्यापारियों को ही एम.पी. फार्म गेट एप के माध्यम से ही विकय करें,गांवों से अन्य गैर अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों (फड़िए) जो कृषक के घर से ही कृषि उपज कय कर लेता है जिससे कृषकों को उचित मूल्य नहीं प्राप्त होता है एवं भुगतान का जोखिम बना रहता है, इस हेतु कृषकों से निवेदन है कि गैर अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को अपनी कृषि उपज विकय न करें । खंडवा मंडी सचिव ओ.पी. खेड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठालय के निर्देशानुसार एवं कृषको को कृषि उपज के विक्रय के पश्चात् पोपट का सही तोड़ और सही दाम प्राप्त हो, किसानों के साथ धोखाधड़ी रोकने के लिये कृषक हित एवं मंडी हित में यह प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिससे किसान भाई जागरूक रहे और किसी भी तरीके की धोखाधड़ी से उन्हें बचाया जाए।

## कोई भी जरूरतमंद निराश नही होगा- राजमल जैन

**खण्डवा।**

**मनुष्य जीवन की सार्थकता मानव सेवा से ही सफल मानी जाती है। जीवन के मूल्यों का सही आकलन करना हो तो समाज सेवा अति उत्तम मार्ग है ।संस्था के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी एवं उपाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि निमाड़ - मालवा में निवासरत जैन समाज की 80 वर्ष पुरानी पोरवाड़ सहायक फंड संस्था है। जिसकी बैठक ओंकार बाग जैन धर्मशाला मोरटक्का में संपन्न हुई।**



कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण प्रदीप पंचोलिया सनावद ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जरत कुमार जैन जज साहब,हंस कुमार जैन, डेविड जैन, राजेंद्र कुमार जैन, संस्था अध्यक्ष राजमल जैन एवं मंचासीन सदस्यों ने श्री जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्था उपाध्यक्ष अजय शाह ने अपने उदबोधन में कहां की हमने समाज के बच्चों के लिए शिक्षा एवं चिकित्सा में सहयोग करने हेतु फंड बढ़ाने की विभिन्न योजनाओं की शुरुआत की जिसमें समाजजनों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। महामंत्री निशिथ जैन एवं देवेंद्र सराफ ने फंड की वस्तु स्थिति से समाजजनों को अवगत कराया एवं समाज के आर्थिक रूप से जरूरतमंद प्रतिभावान बच्चों के आए हुए आवेदनों का विस्तृत रूप से समाजजनों से चर्चा की गई।

संस्था अध्यक्ष राजमल जैन ने बताया कि संस्था के माध्यम से समाज के जरूरतमंद बच्चों का चयन समाजजनों की सहमति से किया गया एवं विश्वास दिलाया कि हम किसी भी जरूरतमंद को निराश नहीं होने देंगे। इस अवसर पर संस्था को विभिन्न प्रकार से सहयोग प्रदान करने वाले महानुभावों का मोती की माला से स्वागत किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज जटाले द्वारा किया गया एवं मिटींग में आए समाज जनों का आभार प्रदर्शन विपुल जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सनावद, बड़वाह, बैडिया ,खरगोन, धामनोद, मंडलेश्वर ,खंडवा,महेश्वर आदि स्थानों से समाज जन एकत्रित हुए एवं विगत एक वर्ष में हुई फंड वृद्धि क सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

### रायचंद्र नागडा उत्कृष्ट विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं के साथ खेल दिवस मनाया गया

**खंडवा।** खेलों से विद्यार्थीयो का सर्वांगीण विकास होता है, पढ़ाई के साथ अच्छे स्वास्थ्य के लिए विद्यार्थियों के लिए खेल भी आवश्यक है, जो खिलाड़ी जिस खेल में रुचि रखता हो विद्यार्थी को उस खेल को खेलते रहना चाहिए, यह बात जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी ने श्री रायचंद नागड़ा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा में खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह में व्यक्त किए,उन्होंने कहा कि खेल से विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक विकास होता है, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खेल दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में अर्जित कार्यक्रम में जिला हॉकी एसोसिएशन के पूर्व सचिव पीयूष साध ने हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम के आरंभ में एमएलबी की प्राचार्य ज्योत्सना सोनी और उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान ने भी विद्यार्थियों को उद्बोधन दिया। इस अवसर पर नेहरू स्कूल से दुर्गा गंगराडे, उमा भाटे एमएलबी से अलका शर्मा उत्कर्ष विद्यालय से शैलेंद्र सिंह चौहान उपस्थित हुए जिनके मार्गदर्शन में कबड्डी,बास्केटबॉल, कुर्सी दौड़ आदि खेल आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया और आभार जिला क्रीड़ा अधिकारी पी डी डोंगरे ने व्यक्त किया।

### विशाल आम भंडारा में असंख्यजनों ने पायी भोजन प्रसादी

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में सिंधी समाज द्वारा 40 दिनों तक निर्विघ्नं रुप से चालिहा पर्व बड़ी श्रद्धा आस्था के साथ मनाया गया। गुरुवार दोपहर 1 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारा देर शाम तक आयोजित हुआ। यह जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि निर्विघ्नं रुप से चालिहा पर्व संपन्न होने पर समस्त समाजजनों ने भगवान श्री झुलेलाल जी के दर्शन कर खुशी जाहिर करते हुए बधाईयां दी गयी। आयोजित विशाल आम भंडारा में सिंधी समाज के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के असंख्य श्रध्दालुजनों ने भोजन प्रसादी पायी। इस दौरान श्री पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष गेहीराम सितलानी, अमर यादव, महादेवगढ प्रमुख अशोक पालीवाल, मनोहर सबनानी, मोहन दीवान, नानकराम चंदवानी, नंदलाल भोजवानी, रामचंद्र दुल्हानी, किशनचंद कोटवानी, हरीश आसवानी, रवि गिदवानी, प्रदीप कोटवानी, पवन डेम्बरा, धरमदास उधलानी, अशोक मंगवानी, अशोक नावानी, निर्मल मंगवानी, राम वासवानी, कमलेश पमनानी, विक्रम सहजवानी, मनोहर संतवानी, पवन वासवानी, रजत मंगवानी, जितेंद्र उदासी, कमलेश हीरानी, शेखर चंदवानी, किशोर आहूजा, संजय सबनानी, चंदन संतवानी, महेन्द्र विशनानी, मुकेश चंचलानी, राजेश वाधवा, रोहित आर्तवानी, ईश्वर जेठवानी, हरीश मलानी, हितेश लालवानी, कन्हैयालाल सहजवानी, माता बहनों आदि सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### माहेरा खान आलिया पॉल ने पेंटिंग के माध्यम से उकेरे श्रीकृष्ण, अलीना और आरजू बनी राधारानी

**खंडवा।** जन्माष्टमी के अवसर पर माहेरा खान, हशमीरा शेख, अम्मार अली ने कागज़ पर कृष्ण की आकृति उकेरी तो आलिया पॉल, अलीना शेख और आरजू खान ने राधारानी की वेशभूषा धारणकर कृष्ण जन्मोत्सव को सद्भावना के रंग में रंग दिया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था सेस द्वारा सिविल लाइन स्थित किड्स गैलेक्सी स्कूल में बुधवार को जन्माष्टमी पर्व मनाया गया, इसमौके पर शाला के वरिष्ठ सदस्य रविचंद्र जोशी ने जन्माष्टमी की महत्ता पर प्रकाश डाला। सेस अध्यक्ष शबीना सिद्दीकी ने बताया कि संस्था में सभी धर्मो के पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं, संस्था द्वारा संचालित शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय पर्वों के साथ सभी समाजों के प्रमुख पर्व उत्साह के मनाए जाते हैं, उन्होंने बताया इस मौके पर राधा और कृष्ण की वेशभूषा में आए बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर जन्मोत्सव का आनंद लिया, इस मौके पर शाला परिवार की शहनाज आरिफ शेख, टीना वर्मा, हेमवती विश्वकर्मा, श्री नवले आदि मौजूद थे।

### पीसीजी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया



**खंडवा।** पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय में परंपरागत खेलो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय खेल वॉलीबॉल एवं शतरंज की प्रतियोगिता रखी गई, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंजु चन्देल स्पोर्ट्स टीचर सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा किया गया, विकास मोहे क्रीडा अधिकारी ने बताया वॉलीबॉल और शतरंज की इन्टर स्ट्रीम प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें महाविद्यालय की वॉलीबॉल की टीमों में से बीबीएप्रथम वर्ष तथा शतरंज में जतीन माखले बीबीए, कुणाल पिंजानी बीकॉम, आकाश नामदेव पीजीडीसीए, नितेश तोमर बीएससी सीएस विजेता रहे, क्रीडा समिती के समस्त सदस्य सहायक प्राध्यापक पवन पाटीदार , महावीर जैन , जया दास , प्रेरणा नीलकंठ ने आयोजन में पूर्ण सहयोग किया,इस अवसर पर संस्था सचिव प्रज्ञान गुप्ता , प्राचार्या डॉ रीता सरमंडल मेडम, संस्था के प्रबंधक सतीश पटेल, समाजसेवी सुनील जैन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सात माह की पार्किंग शुल्क ठेके से नगर परिषद ओंकारेश्वर को 3 करोड़ 65 लाख 60 हजार रुपए की आय होगी

**ओंकारेश्वर। नगर परिषद ओंकारेश्वर की चार पहिया वाहन वसूली पार्किंग नीलामी प्रक्रिया संपन्न हुई ठेकेदार को नगर परिषद द्वारा तीन दिवस में राशि जमाने करने का पत्र जारी किया।**



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को ऑनलाइन बोली में नगर परिषद का पार्किंग शुल्क ठेका 3 करोड़ 65 लाख 60 हजार रुपए मैं नीलम हुआ ढ्ढ ऑनलाइन प्रक्रिया मैं आठ टेंडर डाले गए थे जिसमें से केवल दो टेंडर वालों ने बोली लगाई इसमें सर्वाधिक बोली महेंद्र सिंह ने और दूसरी सर्वाधिक बोली श्री राम कंस्ट्रक्शन द्वारा लगाई गई ढ्ढ लेकिन पहली ही बोली अधिक होने के कारण शेष बोली कर्ता , बोली लगाने की हिम्मत नहीं दिखा पाए लोकसभा चुनाव आचार संहिता के चलते ठेका नीलामी की प्रक्रिया में विलंब हुआ इसलिए इस बार यह ठेका 1 सितंबर से 31 मार्च 2025 तक 7 माह के लिए नीलम किया गया।

नगर परिषद के राजस्व निरीक्षक नीरज रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि चार पहिया पार्किंग नीलामी प्रक्रिया की गई थी प्रथम बोली तीन करोड़ 65 लाख 60 हजार रुपए में नीलाम पार्किंग बोलि कार्ता को बोली की 25न्न राशि ठेकेदार को तीन दिन के अंदर एडवांस जमा करना होगी शेष राशि की 6 या 7 किस्त परिषद में प्रस्ताव लेकर बनाई जाएंगी इसको लेकरसूचना पत्र दिया गया है ।

### पिछले वर्ष से 40% से 50% अधिक किया पार्किंग शुल्क

पिछले वर्ष पार्किंग शुल्क छोटी चार पहिया वाहनों वाहनों का 30 था जो अब बढ़कर 50 कर दिया गया है ढ्ढ टेंपो टूरिस्ट और बाहर से आने वाली बसों पर पहले 200 शुल्क था जो आप 300 हो गया है ढ्ढ इसी प्रकार निमित्त लाइन की वर्षो से 100 और ट्रक ट्रैक्टर ट्राली मजदा आदि से भी 100 पर शुल्क लिया जाएगा जो पहले 50 था ।

## ओंकारेश्वर के मध्य प्रदेश पर्यटन विकास विभाग के गेस्ट हाउस पर दिखा तेंदुआ

**ओंकारेश्वर।**

ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर के विभिन्न विभिन्न मार्गों पर अब दिखाई देने लगा तेंदुआ जंगली जानवर और तेंदुआ का खोब अब लोगों के दिलों में बैठने लगा कोई अनहोनी ना हो इसके पहले वन विभाग मामले को गंभीरता से ले मांग उठने लगी बुधवार की रात्रि को ओंकारेश्वर के बस्ती वाले क्षेत्र भील मोहल्ला में तेंदुआ दिखाई दिया कर्मचारी गणेश चौहान ने बचाई अपनी जान वन विभाग को सूचना देने के बाद भी विभाग जंगली जानवरों को नहीं ले रहा गंभीरता से लोगों में आक्रोश ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर एवं आसपास क्षेत्र तथा ओकार पर्वत पर तेंदुआ तथा जंगली जानवरों के साथ जंगली सुवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है रात्रि को जब तेंदुआ आया पर्यटन विभाग का स्टाफ जैसे तैसे जान बचाकर भागा जिस स्थान पर तेंदुआ आया



उस स्थान पर पर्यटक ओंकारेश्वर का दृश्य निहारते हैं पुर्व मे टंट्या मामा मूर्ति स्थल नए बस स्टेण्ड पर तेंदुए को देखा गया वन विभाग को इस संबंध में जब मीडिया एवं लोगों ने अवगत कराया तो वन विभाग ने दो टूक जवाब दिया जंगल में जानवर नहीं रहेंगे तो कौन रहेगा। वन विभाग के लापरवाही पूर्ण बयान से लोगों में आक्रोश है अब जंगली जानवर जंगल छोड़ रहवासी बस्ती में आ गए रहे। भगवान की कृपा से कोई जनहानि नहीं हुई मीडिया को जानकारी देते हुए गणेश चौहान ने कहा कि विभाग गंभीरता से मामले को ले पर्यटन विभाग में बड़े-बड़े वीआईपी और महत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन होता है कभी घटना दुर्घटना हुई तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा।

वन विभाग के डिप्टी रेंजर आनंदराम खेड़े से कई बार संपर्क करना चाहा किंतु उनके द्वारा मोबाइल नहीं उठाया गया तथा वरिष्ठों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया वन विभाग के द्वारा पूरी तरह लापरवाही बढ़ती जा रही है किसी मामले में भी मीडिया को जानकारी भी नहीं दी जाति।



# क्या राजनीतिक पार्टी या संगठन का बंद बुलाना गैरकानूनी और असवैधानिक?

नई दिल्ली। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या मामले पर बंगाल में बवाल मचा हुआ है। इसको लेकर छात्रों के नबन्ना अभियान प्रोटेस्ट को लेकर बीजेपी ने 12 घंटे का बंद का ऐलान किया था। यह बंद नबन्ना प्रोटेस्ट में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बर कार्रवाई के मद्देनजर बुलाया गया था। इस बंद के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की गई थी जिसे खारिज कर दिया गया। देश की अदालतें राजनीतिक दलों के बुलाए बंद को लेकर अब तक क्या आदेश दिए हैं?

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बंद को लेकर 23 अगस्त को एक फैसला दिया था, जिसमें महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) की और से बुलाए बंद पर रोक लगा दी थी। बदलापुर की घटना को लेकर एमवीए बॉम्बे हाईकोर्ट ने बंद का आह्वान किया था, जिस पर हाईकोर्ट ने कहा था कि किसी भी राजनीतिक दल को बंद कराने की इजाजत नहीं है। हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था कि अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। जुलाई 1997 में भारत कुमार के. पलिचा बनाम केरल सरकार मामले में केरल हाईकोर्ट की पीठ ने कहा था कि कोई राजनीतिक पार्टी या संगठन यह दावा नहीं कर सकते कि वह पूरे राज्य या देश में उद्योग और वाणिज्य को पंगु नहीं बना सकते। अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए चक्का जाम करना सही नहीं है। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई और सुप्रीम कोर्ट ने 1997 में इस फैसले को बनाए रखा। बीजी देशमुख एंड कंपनी बनाम महाराष्ट्र सरकार मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 23 जुलाई 2004 को कई निर्देश जारी किए थे, जिनमें बंद की वजह से पैदा हुई चुनौतियों से निपटने का हवाला दिया गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि बंद लागू करना असंवैधानिक होगा। बंद का आह्वान करने वाली राजनीतिक पार्टी, संगठन, संघ, समूह या शख्स को नोटिस दिया जाएगा। इस नोटिस के तहत स्पष्ट होगा कि बंद में शामिल राजनीतिक दल, संगठन, संघ, समूह या लोग बंद की वजह से जान एवं माल की हानि के लिए जिम्मेदार होंगे। उन्हें कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ेगा और पीड़ितों को मुआवजा देने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2009 में राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि राजनीतिक दलों की ओर से बुलाई गए बंद से निपटने के लिए कानून तैयार किया जाए। 2019 में सबरीमाला के मामले पर हुए प्रदर्शनों के बीच केरल हाईकोर्ट ने कहा था कि राज्य में हड़ताल बुलाने के लिए कम से कम सात दिन पहले नोटिस देना जरुरी है। 2019 में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने भी बंद को लेकर दिए गए एक फैसले में इसे गैरकानूनी और असंवैधानिक बताया था।


## किसान आंदोलन वाले बयान पर घिरी कंगना, जेपी नड्डा से मिलने पहुंची

**इन्दौर।** किसान आंदोलन को लेकर अपने बयानों के कारण चारों ओर घिरी बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत गुरुवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने उनके घर पहुंची। माना जा रहा है कि कंगना किसान आंदोलन को लेकर दिए गए अपने बयान पर सफाई दे सकती हैं। बता दें कि इससे पहले बीजेपी ने किसान आंदोलन को लेकर कंगना रनौत द्वारा दिए गए बयान से किनारा कर लिया था। बीजेपी ने कंगना को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान पार्टी का मत नहीं है। पार्टी कंगना रनौत के बयान से सहमत नहीं है। पार्टी की ओर से, पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए सांसद कंगना को न तो अनुमति है और न ही वे बयान देने के लिए अधिकृत हैं।

बीजेपी की ओर से कंगना को हिदायत दी कि वे इस प्रकार के कोई भी बयान भविष्य में न दें। बीजेपी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों पर चलने के लिए कृत संकल्पित है। बता दें कि किसान आंदोलन को लेकर कंगना रनौत के बयान को कांग्रेस समेत तमाम विरोधी दल बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। बीजेपी ने कंगना रनौत के बयान से किनारा कर लेने के बाद भी विपक्षी दल इस मुद्दे को उठाकर बीजेपी पर किसान विरोधी होने का आरोप लगा रहे हैं। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस इसे बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी कर रही है।

# भाजपा में चंपाई के सियासी कद को नाप रहे समर्थक, उधर भाजपा लगा रही अपना हिसाब-किताब

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। वे दिल्ली में हुई गहमागहमी के बाद बुधवार को रांची लौट आए और देर शाम उन्होंने झामुमो के साथ-साथ मंत्री और विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया। चंपाई जब रांची लौटे तो यहां एयरपोर्ट पर झामुमो का कोई बड़ा धड़ा उनके साथ नहीं दिखा। हालांकि, देर शाम उनके आवास पर समर्थकों की भीड़ उमड़ी। इसके बाद से भाजपा का टेंशन भी बढ़ा हुआ बताया जा रहा है। भाजपा लग रहा है कि कहीं ये सौदा घाटे का तो नहीं होगा।



इधर झारखंड सरकार की ओर से मुख्यमंत्री का एक बड़ा कार्यक्रम राजधानी रांची में रखा गया है। इससे यह तो स्पष्ट हो जाता है कि जहां एक ओर भाजपा चंपाई के आगमन के लाभ हानि का हिसाब-किताब लगा रही है। वहीं दूसरी ओर झामुमो इस टूट को हल्के में न लेते हुए अपनी रणनीति को और अधिक धारदार बनाने का प्रयास कर रहा है। चंपाई का निश्चित रूप से झामुमो के एक बड़े आदिवासी नेता के रूप में पहचान है। पर क्या झामुमो के बिना भी उनका प्रभाव बना रहेगा, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। और इसी प्रश्न का उत्तर ढूंढ़ने में भाजपा आलाकमान को इतना लंबा समय लगा। झारखंड आंदोलन के समय से ही चंपाई झामुमो के प्रमुख नेताओं में से रहे हैं और जब-जब झामुमो सत्तासीन रही है तब-तब उस सत्ता में शामिल रहे।

अपनी पांच दशकों से भी लंबी राजनीति में चंपाई झामुमो की विचारधारा में जिस प्रकार रचे बसे हैं, यह देखना दिलचस्प होगा कि अपने केसरिया अवतार में चंपाई किस प्रकार की राजनीति कर पाते हैं। और कितना प्रभाव छोड़ पाते हैं। अब जबकि चंपाई सोरेन ने झामुमो के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है, ऐसे में उन्हें झामुमो के बिना अपनी प्रतिष्ठा और पहचान बनाए रखने की और झामुमो को भी चंपाई के बिना कोल्हान में अपना किला अभेद्य रखने की चुनौती होगी। इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि चंपाई के साथ कोई बड़ा आने में संकोच कर रहा है। उसकी वजह ये है कि पहले चंपाई का भाजपा में कद क्या होगा इसके बाद साथ जाने और न जाने का निर्णय लेंगे। हालांकि राजनीतिक श्रेष्ठता का सही आकलन तो समय के साथ ही किया जाना संभव हो पाएगा। लेकिन साधारण अंकगणित तो यह समझाता है कि कोल्हान के 14 विधानसभाओं में से 13 विधानसभा सीटें इंडिया गठबंधन के पास हैं और एक से निर्दलीय सरयू राय विधायक हैं। इन 14 सीटों पर 2019 के चुनाव में भाजपा पराजित तो हुई, लेकिन दूसरे स्थान पर रही है। राजनीतिक जोड़ घटाव के माध्यम से भाजपा कोल्हान में कुछ ऐसा ही मंच सजाने का प्रयास कर रही है, जैसा लोकसभा चुनावों के पहले उसने संताल में किया था। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि संताल का यह सियासी प्रयोग उतना सफल नहीं हो पाया था, क्योंकि झामुमो से बागी होकर निकले लोबिन हेम्ब्रम और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी पुत्रवधू सीता सोरेन भाजपा के लिए कमल खिलाने में कारगर नहीं हो सके। अब लगभग उसी प्रकार की बाजी कोल्हान में खेली जा रही है।

## राजद का दावा, चिराग के तीन सांसद पीएम मोदी से मिले, बिहार में हलचल

इंदौर। बिहार में सियासत में हलचल नजर आ रही है। चिराग पासवान और बीजेपी के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इन सब के बीच राजद भी अपने फायदे की उम्मीद में बैठी है। राजद ने दावा किया कि रामविलास पासवान की पार्टी के तीन सांसद बीजेपी के संपर्क में हैं। इतना ही नहीं, राजद की ओर से उसके विधायक मुकेश रोशन ने यह भी दावा किया कि यह तीनों सांसद एक-एक करके पीएम मोदी से मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी का इतिहास रहा है कि वे अपने सहयोगी दलों को ही तोड़ देती है। बीजेपी ने वीआईपी के तीन विधायक तोड़ दिए। चिराग की पार्टी और पांच सांसद पहले तोड़ दिए थे। नीतीश की पार्टी को भी तोड़ने की कोशिश की गई थी। अपने पक्ष को मजबूत करते हुए मुकेश रोशन ने कहा कि हाल के दिनों में चिराग पासवान लगातार बीजेपी को आंख दिखा रहे हैं। ऐसे में उनकी भी पार्टी को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने निमंत्रण देते हुए कहा कि चिराग के पास अभी बड़ा मौका है, वह तेजस्वी यादव के साथ आ जाएं, बिहार के विकास में अपना योगदान दें। एनडीए ने पलटवार किया है। नीतीश सरकार के मंत्री और जदयू के नेता जमा खान ने कहा कि एनडीए पूरी तरीके से मजबूत है। 2025 में राजद नेताओं की जमानत जप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राजद वाले पूरी तरीके से बौखला रहे हैं। एनडीए 2025 में एक साथ चुनाव लड़ेगा और जीतकर मजबूती से वापसी करेगा। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार का भी बयान सामने है। उन्होंने कहा कि राजद के संपर्क में कोई नहीं है, इसलिए वह बौखला रहे हैं।

तेजस्वी से ज्यादा सांसद तो चिराग पासवान के पास हैं।

# प्रदेश के 15 हजार अतिथि शिक्षक हो गए बेरोजगार

इंदौर। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी करने के लिए अतिथि शिक्षकों की हर साल भर्ती की जाती है। हजारों शिक्षक पिछले 10 से 15 साल से सरकारी स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस वर्ष डीपीआई के एक आदेश ने करीब 15000 अतिथि शिक्षकों को बेरोजगार कर दिया है। दरअसल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष अतिथि शिक्षकों की भर्ती में 30 फ़ीसदी से कम रिजल्ट लाने वाले अतिथि शिक्षकों को दोबारा नौकरी पर नहीं रखने का आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि इस समय प्रदेश के स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। खास बात यह है कि डीपीआई के इस आदेश से कई ऐसे शिक्षक भी बेरोजगार हो रहे हैं जिसमें उनकी गलती नहीं है। दरअसल कई बार सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षकों से वह विषय भी पढ़वाया जाता है जो उनका सब्जेक्ट नहीं है। कई अतिथि शिक्षक आखिरी के एक-दो महीने सब्जेक्ट पढ़ाते है। कुछ स्कूलों में बच्चे आते ही नहीं है और वे फैल हो जाते हैं। खराब रिजल्ट आने पर अतिथि शिक्षकों को जिम्मेदार बता दिया जाता है।


## जनता से मिलने का समय तय करें, समस्याओं का त्वरित निवारण करें : मंत्री डा शाह

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** जनजातीय कार्य, लोक परीसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत तथा पुनर्वास मंत्री तथा झाबुआ जिले के प्रभारी मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने गुरुवार को जिला पंचायत झाबुआ में जिलाधिकारियों की बैठक ली। समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ शाह ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आम जनता से मिलने का समय निश्वित कर लें। सबकी समस्या सुनें और जल्द से जल्द समस्याओं का समुचित निवारण करें। जनता के प्रति संवेदनशील बनें और गांव में रात्रि विश्राम करें, जिससे समस्याओं का स्थायी निराकरण हो सके। प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने सभी विभागधिकारियों से वन टू वन चर्चा करके विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि झाबुआ जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने कलेक्टर को झाबुआ जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला अस्पताल मे सुविधाओं से सम्बन्धित जितनी मांग है उनका प्रस्ताव बना कर भेजें। हवाई पट्?टी की मरम्मत का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाये। मंत्री डॉ. शाह ने जिले में सिंचाई की सुविधा एवं उसके लिए स्थायी बिजली कनेक्शन का डेटा प्रस्तुत करने के लिये जिलाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खेत में विभाग की ओर से सौर ऊर्जा स्थापना के लिए सोलर पैनल का प्रस्ताव भेजा जाए। मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग को नवाचार से स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के लिये निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री डॉ शाह ने कहा कि मत्स्य पालन के लिये आदिवासी भाई-बहनों को प्रोत्साहित किया जाए। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य ने विभाग द्वारा जिले में किये जा रहे नवाचारों के सम्बन्ध मे जानकारी दी। बताया कि जिले में स्कूल स्तर पर ही बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने की पहल की गयी है। साथ ही स्कूल ड्रॉप आउट छात्रों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। बैठक में क्षेत्रीय लोकसभा सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनल जसवंत भाबर, कलेक्टर सुश्री नेहा मीना एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# अयोध्या हार के बाद वैष्णो देवी सीट को लेकर बीजेपी सतर्क

## जम्मू-कश्मीर में टिकट पर मची कलह खत्म करने लगा रही जोर

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। वहीं बीजेपी को टिकट वितरण में पार्टी को पसीने छूट रहे हैं। वैष्णो देवी सीट के लिए टिकट दावेदारों के बीच खींचतान सामने आ चुकी है। इससे परेशान बीजेपी ने बुधवार देर रात पूर्व विधायक बलदेव राज शर्मा और रोहित दुबे को समझाने की कोशिश की। बीजेपी को आपसी कलह के चलते लोकसभा चुनाव में अयोध्या सीट गंवानी पड़ी थी।



बता दें जब बीजेपी ने 44 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की तो उसमें रोहित दुबे पार्टी की पहली पसंद थे। उस सूची को तुरंत वापस ले लिया गया। इसके कुछ ही घंटों बाद दूसरी सूची जारी की गई, जिसमें रोहित दुबे की जगह बलदेव राज शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया। चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों की सूची से रोहित दुबे का नाम हटाने से कटरा में उनके समर्थकों ने हंगामा किया । उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बीजेपी के खिलाफ वोट करने की धमकी तक दे डाली। उन्हें शांत करने के लिए बीजेपी प्रमुख रविंदर रैना को कटरा ले जाया गया।

पार्टी ने एक बयान में कहा कि संगठन की एकता और मजबूती को दर्शाने के लिए कटरा से रोहित दुबे ने जम्मू स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंचे और वैष्णो देवी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी बलदेव राज और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ फोटो भी खिंचवाई। इस अवसर पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू-कश्मीर बीजेपी के प्रभारी तरुण चुघ, रविंदर रैना, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, लोकसभा सांसद और चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक जुगल किशोर शर्मा, समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

तरुण चुघ ने पार्टी नेताओं के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि बीजेपी जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की एक अनुशासित पार्टी है जो एक परिवार की तरह काम करती हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मजबूत हैं और बीजेपी जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में इतिहास रचने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपयी आने वाले समय में जम्मू-कश्मीर को शांति और समृद्धि का उदाहरण बनाने के मिशन के साथ काम कर रही है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि बीजेपी समर्थकों और कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन से पार्टी हिल गई है। इसका करण यह है कि कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा दिए गए प्रत्याशियों की सूची में अपने नेताओं का नाम नहीं मिला। बता दें जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में मतदान होना है। 4 अक्टूबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# रीवा को स्वास्थ्य सुविधाओं का हब बनाएंगे : उप मुख्यमंत्री

## निः शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का किया शुभारंभ

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा है कि रीवा में अधोसंरचना के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी रीवा में उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ की जायेंगी।

उन्होंने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, मेडिकल कालेज तथा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बेहतर की जा रही हैं। रीवा को स्वास्थ्य सुविधाओं का हब बनाया जाएगा। शासकीय क्षेत्र और निजी क्षेत्र के अस्पताल मिलकर उत्कृष्ट और उच्च-स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में तीन दिवसीय निःशुल्क सुपर स्पेशलिटी जाँच एवं उपचार शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर ने संयुक्त रूप से किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रोग के उपचार से बेहतर है कि समय पर जाँच कराकर हम बीमार होने से बचें। रीवा में फरवरी माह में संभाग के एक लाख व्यक्तियों की कैंसर संबंधी जाँच की गई। इनमें 40 रोगी चिन्हित हुए उन्हें समुचित उपचार दिया गया। मार्च माह में लगभग 50 हजार व्यक्तियों की स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की गई जिनमें बड़ी संख्या में विटामिन डी की कमी तथा खून की कमी के रोगी चिन्हित कर उन्हें उपचार दिया गया है। उन्होंने कहा कि रीवा में तीसरा शिविर अरविंदो अस्पताल के सहयोग से लगाया जा रहा है। इससे गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों को निःशुल्क जाँच और उपचार की सुविधा मिलेगी। अरविंदो अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों के मार्गदर्शन का



लाभ मेडिकल कालेज और सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को भी मिलेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि अरविंदो अस्पताल के संचालक डॉ विनोद भण्डारी के स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के सुझाव पर मेडिकल कालेज के डीन आवश्यक प्रस्ताव बनायें।

अरविंदो अस्पताल के संचालक डॉ विनोद भण्डारी ने बताया कि शिविर में चिन्हित गंभीर रोगियों को अरविंदो हास्पिटल द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जायेगी। रीवा में स्तन कैंसर की जाँच के लिए सेंटर बनाने, गर्भस्थ शिशु की जाँच, उपचार तथा फीडल सर्जरी के लिए अरविंदों अस्पताल प्रशिक्षण तथा सहयोग देगा। उन्होंने बताया कि रीवा आयोजित शिविर में हमारे अस्पताल के डॉक्टरों सहित 156 व्यक्ति अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, आईजी एमएस सिकरवार, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रथम दिवस 2897 मरीजों की हुई जाँच

शिविर के प्रथम दिवस 2897 मरीजों की जाँच की गई जिसमें ऑप्थल के 394, गायनी के 278, हड्डी रोग से संबंधित 747, ब्रोस्ट कैंसर के 128, सर्वाइकल कैंसर के 135, ऑन्कोलॉजी एवं आन्को कार्डियो के 135, सर्जरी के 287, चर्म रोग के 352, गैस्ट्रो के 168, न्यूरोलॉजी के 97, मस्तिष्क रोग के 210, पीडियाट्रिक्स के 198, दंत रोग के 152, दंत रोग आरव्हीजी के 6, पीडियाट्रिक कार्डियो के 68, पीडियाट्रिक इको के 92, यूएसजी के 136 जिनमें 71 पुरूष तथा 65 महिलाएं, मैम्मो की 48, पेप सीमियर के 74, बायप्सी 2, ऑडियोमेट्री के 68, एनबीएस के 3, ईसीजी के 180 जिनमे 94 पुरूष व 86 महिलाएं शामिल हैं, इको के 64 तथा नाक, कान, गला रोग से संबंधित 126 मरीजों का पंजीयन कर उनकी जाँच की गई।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com